


आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच



पेज 7 प्रियंका ने पूरा किया सपना ..

वर्ष : 26 | अंक : 298 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, शनिवार, 19 अक्टूबर, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8

# बहराइच में 'बुल्डोजर' का खौफ

## हिंसा के आरोपी सहित 30 को नोटिस, खुद ही सामान हटा रहे हैं लोग





**बहराइच ( एजेंसी )।** बहराइच हिंसा के आरोपी सहित महाराजगंज गांव के करीब 30 लोगों को नोटिस मिलने के बाद गांव में बुल्डोजर का खौफ है। नोटिस मिलने के बाद इलाके में लोग खुद ही सामान हटा रहे हैं। शुक्रवार की शाम पीडब्ल्यूडी प्रांतीय खंड की टीम ने महाराजगंज गांव में हिंसा के नामजद आरोपी अब्दुल हमीद सहित करीब 30 घरों की नापजोख की है। उनके अवैध होने व अतिक्रमण हटाने का नोटिस भी चस्पा की गई है। सूत्रों के अनुसार औपचारिकताएं पूरी कर शीघ्र इन पर बुलडोजर की कार्यवाही की जा सकती है।

सूत्रों का यह भी कहना है कि सबसे पहले कार्यवाही अब्दुल हमीद के घर पर हो सकती है। ग्रामीणों ने बताया कि नापजोख हुई है, जो अधिकारी नाप जोख करने आए थे उनका कहना था कि सड़क किनारे बने अब्दुल हमीद सहित काफी सारे मकान इस तरह अवैध बने हैं कि उनके कारण कभी भी कोई दुर्घटना हो सकती है, इन मकानों को गिराने की बात भी की जा रही थी। बता दें कि अब्दुल हमीद वही नामजद आरोपी है जिसके घर में रामगोपाल मिश्र की गोली मारकर हत्या की गई है। रामगोपाल की हत्या के आरोप में 5 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

हिंसा के बाद बहराइच में भारी पुलिस बल तैनात है। बहराइच में पीडब्ल्यूडी के नोटिस के बाद दुकानदार और घर वाले अपना सामान खाली कर रहे हैं. जिनका हिस्सा सरकारी जमीन पर अनुचित रूप से बनाया गया था। बता दें नोटिस में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि 60 मीटर के दायरे में जो बनाया गया है, वह अवैध है। बहराइच स्थित महसी तहसील क्षेत्र के महाराजगंज कस्बे में हुई हिंसा के मुख्य आरोपी अब्दुल हमीद के घर पर जल्द ही योगी सरकार का बुल्डोजर चलने जा रहा है। शुक्रवार की शाम लोकनिर्माण विभाग द्वारा इनके घर पर अतिक्रमण को लेकर नोटिस चस्पा की गई थी। इसके बाद शनिवार की सुबह लोगों ने खुद से ही अपना घर खाली करना शुरू कर दिया। (शेष पृष्ठ-3 पर)

# क्रैम्ब्रिज स्कूल पर अभिभावकों का प्रदर्शन

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा के नामी स्कूल कैम्ब्रिज के खिलाफ आज अभिभावकों का आक्रोश



फूट पड़ा। अभिभावकों ने रेप करने वाले व्यक्ति को पनाह देने के आरोप में कैंब्रिज स्कूल के खिलाफ हंगामा किया। पुलिस ने इस मामले में अभी तक तीन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, लेकिन उसके बावजूद भी अभिभावकों को गुस्सा शांत नहीं हुआ है। मौके पर काफी संख्या में अभिभावक मौजूद थे। अभिभावकों का कहना है कि घटना को छुपाने के आरोप में गिरफ्तार क्लास टीचर और स्कूल प्रशासक को जमानत दे दी गयी है। इनके खिलाफ कोई कड़ी कार्रवाई नहीं हुई है।

आपको बता दें कि एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी साढ़े तीन साल की बेटी सेक्टर–27 स्थित कैम्ब्रिज स्कूल जूनियर विंग में पढ़ती है। बच्ची पिछले कुछ दिनों से स्कूल नहीं जा रही थी। वह और उनकी पत्नी बेटी को डॉक्टर के पास ले गए। जहां डॉक्टर ने जांच के बाद उन्हें बताया कि बच्ची के प्राइवेट पार्ट के साथ छेड़छाड़ की गई है। इसके बाद पिता ने बेटी से पूछा तो उसने बताया कि स्कूल में जो भईया प्लेट देते हैं, उन्होंने दो दिन पहले उसके साथ गंदी हरकत की थी।

## अवैध रूप से बेच रहे थे घरेलू गैस सिलेंडर

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** अवैध रूप से घरेलू गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी कर रहे दो



लोगों के खिलाफ थाना नॉलेज पार्क में मुकदमा दर्ज कराया गया है। इनके पास से 30 घरेलू गैस सिलेंडर बरामद हुए हैं।

जिला पूर्ति निरीक्षक सोनू अग्रवाल ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि अंसल प्लाजा के पास तुगलपुर गांव में छोटा हाथी टेंपो में घरेलू गैस (शेष पृष्ठ-3 पर)

# उपचुनाव पर योगी की अहम बैठक

**लखनऊ ( एजेंसी )।** उत्तर प्रदेश की नौ सीटों पर होने वाले उपचुनावों को लेकर आज सीएम योगी आदित्यनाथ के आवास पर एक बैठक हुई। इस बैठक में सभी दस सीटों के प्रभारी मंत्रियों के अलावा अन्य कैबिनेट मंत्री मौजूद हैं। ऐसे माना जा रहा है कि इस बैठक में प्रत्याशियों को लेकर चर्चा हुई। सीएम योगी आदित्यनाथ ने पहले ही हर सीट पर तीन प्रभारियों की नियुक्ति की थी। इस तरह से तीस प्रभारी इस मीटिंग में शामिल हुए। मालूम हो कि 13 नंवबर को नौ सीटों पर चुनाव होना है। अयोध्या की मिल्कीपुर सीट पर पिटीशन होने की वजह से इस सीट पर अभी चुनाव घोषित नहीं हुए हैं। भाजपा ने अभी तक एक भी सीट पर प्रत्याशी घोषित नहीं किया है। जबकि उपचुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है।



**उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'राष्ट्र प्रथम' की भावना से दीप्त, विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल भारतीय जनता पार्टी के 'सक्रिय सदस्यता अभियान' के अंतर्गत आज के सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में अपनी सदस्यता का नवीनीकरण किया। इस दौरान भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी व अन्य नेता मौजूद रहे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि मेरी सभी सम्मानित कार्यकर्ताओं से अपील है कि प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में आरंभ हुए इस अभियान से अवश्य जुड़ें और 'एक भारत–श्रेष्ठ भारत' के संकल्प को मजबूत करें।**

# ट्रक ने बाइक सवार को कुचला

## टाटा कैंटर के हेल्पर की दुर्घटना में मौत

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा में अलग–अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर दुर्घटना के आरोपी वाहन चालकों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

ग्राम मिल्क लच्छी में रहने वाला वीरपाल 17 अक्टूबर की दोपहर को बिसरख मोड़ से रोजा जलालपुर की तरफ जा रहा था। बिसरख मोड पर तेज गति में आ रहे ट्रक ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। इस हादसे में वीरपाल की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों के हवाले कर दिया। इस संबंध में मृतक के भाई श्रीपाल ने थाना बादलपुर में मुकदमा दर्ज कराया है।

वहीं थाना दनकौर में एक व्यक्ति ने ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। जनपद बुलंदशहर निवासी प्रवीण कुमार ने बताया कि उसका भाई प्रशांत कुमार टाटा कैंटर पर हेल्पर का कार्य करता था। 11 अक्टूबर की रात्रि को उसका भाई प्रशांत कुमार चालक के साथ आगरा से टाटा कैंटर में आ रहा था। चपरगढ़ के पास आगे चल रहे ट्रक चालक ने अचानक ब्रेक मार दिए। जिससे टाटा कैंटर का चालक संतुलन खो गया था और टाटा कैंटर दूसरे वाहन से भिड़ गया। इस हादसे में उसके भाई प्रशांत कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। थाना प्रभारी ने बताया कि प्रवीण कुमार की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

## पांच बदमाशों पर लगाया गैंगस्टर

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सूरजपुर पुलिस ने पांच शातिर बदमाशों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की है। गैंगस्टर एक्ट में निरुद्ध किए गए बदमाश संगठित गिरोह बनाकर हत्या, लूट, चोरी जैसी आपराधिक वारदातों को अंजाम दे रहे थे।

थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि देवेंद्र उर्फ देवन शर्मा, मुकेश उर्फ मुक्के, सतपाल, धर्मेंद्र यादव व संतोष के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की गई है। इन लोगों ने एक संगठित गैंग बना रखा है और अपने भौतिक आर्थिक लाभ के लिए यह लूट, चोरी, हत्या जैसे गंभीर अपराधों को अंजाम दे रहे थे। उन्होंने बताया कि आरोपियों के खिलाफ विभिन्न थानों में कई मुकदमे पंजीकृत हैं। (शेष पृष्ठ-3 पर)

# माँ–बेटी ने पड़ोसी महिला को पीटा

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सूरजपुर क्षेत्र की काशीराम कॉलोनी में बच्चों के लेकर हुए विवाद में मां–बेटी ने पड़ोसी महिला की पिटाई कर दी। पिटाई से महिला घायल हो गई। महिला ने थाने में मां बेटी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

काशीराम कॉलोनी में रहने वाली रशीदा ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि बीते दिनों बच्चों के खेलने के लेकर आपस में विवाद हो गया था। इस दौरान पड़ोस में रहने वाली सोनी व उसकी बेटी सानिया ने उसके साथ मारपीट की। मारपीट में उसे काफी चोटें और अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच पड़ताल की जा रही है।

## कमरे का ताला तोड़कर लैपटॉप व टैब चोरी

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सेक्टर–24 क्षेत्र के चौड़ा गांव में किराए पर रहने वाले एक व्यक्ति के कमरे का ताला तोड़कर चोरों ने लैपटॉप, टैब व अन्य सामान चोरी कर लिया। घटना के समय युवक अपनी ड्यूटी पर गया हुआ था।

मूल रूप से हरियाणा निवासी प्रवीण ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह (शेष पृष्ठ-3 पर)

नोएडा प्राधिकरण एफडी घोटाला

# 25 हजार का वांछित चढ़ा पुलिस के हत्थे

## दो पेन कार्ड, 1 आधार कार्ड, 2 डेबिट कार्ड, 7 क्रेडिट कार्ड व 1 डीएल बरामद



**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सेक्टर–58 नोएडा पुलिस, सर्विलांस सेल नोएडा जोन व क्राईम ब्रांच पुलिस टीम द्वारा दुर्गापुरी चौक के पास दिल्ली से फर्जी एवं कूटरचित दस्तावेज तैयार कर प्राधिकरण की एफ0डी0 बनाकर 3 करो? 90 लाख रूपये स्थानांतरण कर धोखाधडी करने वाला 25 हजार रूपये का वांछित अभियुक्त राहुल मिश्रा उर्फ गौरव शर्मा पुत्र महेश शर्मा को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के कब्जे से एक आधार कार्ड, 2 पेन कार्ड, एक डीएल, 02 डेबिट कार्ड, 07 क्रेडिट कार्ड व एक मोबाइल फोन बरामद किया गया है।

अभियुक्त राहुल मिश्रा उर्फ गौरव शर्मा ने बताया कि अपने अन्य साथियो के साथ मिलकर नोएडा विकास प्राधिकरण की 200 करोड़ रूपये की फर्जी एफ0डी0 बैंक ऑफ इंडिया की शाखा सेक्टर–62, नोएडा में बनवाकर नोएडा विकास प्राधिकरण को देकर और एफ0डी0 के खाते में जमा 200 करोड रूपये को तीन खातो में करीब 3.90 करोड रूपये ट्रांसफर किया गया तथा जब 9 करोड रूपये ट्रांसफर कर रहे थे बैंक को शक हो गया और हमारे एक साथी अब्दुल खादर को पुलिस ने पकड़ लिया था। यह सारा पैसा 1.अब्दुल खादर, 2.राजेश पाण्डेय, 3.सुधीर, 4.मुरारी व 5.राजेश बाबू व अन्य अभियुक्तगण ने हवाला के माध्यम से दिल्ली में नकद प्राप्त कर लिया था। इस काम से मुझे लगभग 5 लाख रूपये मिले थे। बाकि पैसा अन्य लोगो में बट गया था। मैने अपनी असली पहचान छुपाने के लिये (शेष पृष्ठ-3 पर)

# पश्चिमी उप्र का ग्रोथ इंजन साबित होगा न्यू नोएडा!

**नोएडा ( चेतना मंच )।** दादरी–नोएडा–गाजियाबाद इवेस्टमेंट रीजन (डीएनजीआरआर) यानी न्यू नोएडा अब उद्योग बसाये जाएंगे। यहां की आबादी करीब 6 लाख की होगी। पहले चरण में 3 लाख लोगों को रोजगार मिलेगा।



पश्चिमी उत्तर प्रदेश का ग्रोथ इंजन साबित होगा। करीब 209 वर्ग किलोमीटर में स्थापित होने वाले इस नये शहर में 8420.92 हेक्टेयर में

दादरी नोएडा गाजियाबाद इंवेस्टमेंट रीजन (डीएनजीआईआर) न्यू नोएडा के मास्टर प्लान 2041 को शासन से मंजूरी मिल गई है। इस प्लान में 19 आपत्तियां आई थी। जिनका संसोधन किया गया। न्यू नोएडा 209.11 वर्गकिमी में यानी 20 हजार 911.29 हेक्टेयर में बसाया जाएगा। इसके लिए 80 गांवों की जमीन अधिग्रहीत की जाएगी। जिसे नोटीफाइ किया जा चुका है। इस मास्टर प्लान को चार फेज में पूरा किया जाएगा। (शेष पृष्ठ-3 पर)

### 209 वर्ग किमी में 6 लाख की आबादी

209 वर्ग किमी में न्यू नोएडा को बसाया जाना है। डीएनजीआईआर मास्टर प्लान 2041 में 40 प्रतिशत भू उपयोग औद्योगिक, 13 प्रतिशत आवासीय और ग्रीन एरिया व रीक्रिएशनल एक्टिविटी के लिए 18 प्रतिशत प्रावधान किया गया है। डीएनजीआईआर को गौतमबुद्धनगर के 20 और बुलंदशहर के 60 गांवों को मिलाकर बनाया गया है। इस शहर की आबादी 6 लाख के आसपास होगी।

# नोएडा प्राधिकरण की बोर्ड बैठक 26 अक्टूबर को

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा प्राधिकरण की बोर्ड बैठक 26 अक्टूबर




को होगी। इस बोर्ड बैठक में स्पोर्टस सिटी तथा किसानों को 5 फीसदी भूखंड समेत कई एजेंडों पर मोहर लगने की संभावना है।

प्राधिकरण से मिली जानकारी के मुताबिक बोर्ड बैठक में कम ऊंचाई के भवनों में लिफ्ट लगाने के लिए सभी से सहमति लेने का प्रस्ताव भी रखा जाएगा। वहीं छोटे औद्योगिक भूखंडों में स्ट्रक्चरल ऑडिट के लिए आवश्यक प्रमाण–पत्र में भी रियायत का एजेंडा रखा जाएगा। इसके अलावा कई अन्य एजेंड़े भी रखे जाएंगे जिसको दीपावली के पूर्व मोहर लगा दी जाएगी।



## पाक में डंका

भले ही इस्लामाबाद में भारत-पाकिस्तान की द्विपक्षीय वार्ता नहीं थी, लेकिन लगभग नौ साल बाद किसी भारतीय विदेश मंत्री की पहली पाकिस्तान यात्रा के गहरे निहितार्थ हैं। नई दिल्ली द्वारा इस यात्रा को हरी झंडी देना ही इस बात का प्रबल संकेत है कि पर्दे के पीछे से की जा रही कूटनीति सार्थक रही है। दरअसल, शंघाई सहयोग संगठन के सम्मेलन में भाग लेने के लिये विदेश मंत्री के इस्लामाबाद जाने के निर्णय ने कई उम्मीदें जगायी हैं। एससीओ सम्मेलन में भाग लेने जाने से पहले एस जयशंकर ने घोषणा की थी कि पाकिस्तान को लेकर भारत की विदेश नीति निष्क्रिय नीति नहीं है। निश्चित रूप से भारत सरकार की ओर से यह संकेत देने का प्रयास किया गया कि दिल्ली किसी भी सकारात्मक संकेत का जवाब देने के लिये पूरी तरह से तैयार है। ऐसा भी नहीं है कि पाकिस्तान की राजधानी में एससीओ सम्मेलन में एस जयशंकर अपनी दो टूक बात करने से चूके हों। उन्होंने इस्लामाबाद को साफ-साफ शब्दों में इस मंच के जरिये सभ्य तरीके से सुना दिया कि आतंकवाद, उग्रवाद और अलगाववाद को प्रश्रय देने वाली नीति ही संबंधों में बाधक है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि ये नीतियां व्यापार गतिविधियों, ऊर्जा प्रवाह, कनेक्टिविटी और लोगों से लोगों के संवाद-संबंध बनाने में बाधक बनती हैं। उन्होंने अतीत में एक मंच पर भारत-पाक के बीच पैदा होने वाली परंपरागत कटुता को दरकिनार करते हुए भी कड़े शब्दों में भारत की नीति को जाहिर कर दिया। वहीं दूसरी ओर भले ही शिखर वार्ता की अभी कोई स्थिति बनती नजर नहीं आ रही है, लेकिन विदेश मंत्री एस जयशंकर की अपने पाकिस्तानी समकक्ष इशाक डार के साथ अनौपचारिक बातचीत से द्विपक्षीय संबंधों में लंबे समय से उत्पन्न रुकावट खत्म होने की उम्मीद जरूर जगी है। बहरहाल, इस बात में कोई संदेह नहीं है कि घात और बात की नीति साथ-साथ नहीं चल सकती। जिस ओर एस जयशंकर ने शंघाई सहयोग संगठन मंच का उपयोग करते हुए स्पष्ट इशारा किया भी है। बहरहाल, इतना तो तय है कि यदि पाक अपनी पुरानी नीतियों को नहीं बदलता तो रिश्तों में जमी बर्फ के पिघलने की कोई गुंजाइश नहीं बचती। वैसे यह भी हकीकत है कि पाकिस्तान की रीतियों-नीतियों के चलते उससे सीमित जुड़ाव बनाये रखना भारतीय सरकारों के लिये भी एक चुनौती बनी हुई है। इस्लामाबाद, अन्य शब्दों में कहें तो पाकिस्तान सेना मुख्यालय रावलपिंडी की, बार-बार विश्वास को खंडित करने की नीति संबंधों को आगे बढ़ाने के प्रयासों में संदेह को जन्म देती है। यह एक हकीकत है कि आतंकवाद को प्रश्रय देने की पाक की नीति के चलते मेज पर वार्ता न करने के इच्छुक भारत को अपने अविश्वसनीय पड़ोसी के साथ संबंधों के विकल्प तलाशते रहने चाहिए। जिसमें बातचीत का माध्यम खुला रखना भी शामिल हैं। क्रिकेट डिप्लोमेसी भी अतीत की तरह भारत के लिये मददगार हो सकती है या नहीं, इस पर भी विचार करने की जरूरत है। लेकिन ये प्रयास लंबे समय से दोनों देशों के संबंधों में जमी बर्फ को पिघलाने में मददगार हो सकते हैं। निश्चित तौर पर एस. जयशंकर की पाकिस्तान यात्रा के सार्थक समापन को एक रचनात्मक उपलब्धि के तौर पर तो देखा जा सकता है। भले ही यह एक छोटा कदम हो, लेकिन आगे बढ़ने की दिशा में इस छोटे कदम को भी महत्वपूर्ण माना जा सकता है। हमें यह बात याद रखनी चाहिए कि भौगोलिक रूप से पाकिस्तान हमारा पड़ोसी है, जिसे बदला नहीं जा सकता। निश्चित रूप से अब गेंद पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के पाले में है कि संबंधों को ईमानदारी से आगे बढ़ाने में वे कितनी शराफत दिखाते हैं। हालांकि, संबंधों को मजबूत करने में उनके भाई और पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ का ट्रैक रिकॉर्ड विश्वास करने लायक नहीं रहा है। वैसे भी भारत से संबंधों की नई पहल करने से शरीफ को पहले पाकिस्तान सेना से निपटना होगा। जो पर्दे के पीछे से पाकिस्तानी लोकतंत्र को चला रही है। बहरहाल, नई दिल्ली की इसके नतीजे को लेकर उत्सुकता से नजर रहेगी।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि सती का मरण सुनकर शिवजी के गण यज्ञ विध्वंस करने लगे। यज्ञ विध्वंस होते देखकर मुनीश्वर भृगुजी ने उसकी रक्षा की॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**समाचार सब संकर पाए। बीरभद्रु करि कोप पठाए॥**
**जग्य बिधंस जाइ तिन्ह कीन्हा। सकल सुरन्ह बिधिवत फलु दीन्हा॥**
ये सब समाचार शिवजी को मिले, तब उन्होंने क्रोध करके वीरभद्र को भेजा। उन्होंने वहाँ जाकर यज्ञ विध्वंस कर डाला और सब देवताओं को यथोचित फल (दंड) दिया॥
**भै जगबिदित दच्छ गति सोई। जसि कछु संभु बिमुख कै होई॥**
**यह इतिहास सकल जग जानी। ताते मैं संछेप बखानी॥**
दक्ष की जगत्प्रसिद्ध वही गति हुई, जो शिवद्रोही की हुआ करती है। यह इतिहास सारा संसार जानता है, इसलिए मैंने संक्षेप में वर्णन किया॥
**सतीं मरत हरि सन बरु मागा। जनम जनम सिव पद अनुरागा॥**
**तेहि कारन हिमगिरि गृह जाई। जनमीं पारबती तनु पाई॥**
सती ने मरते समय भगवान हरि से यह वर माँगा कि मेरा जन्म-जन्म में शिवजी के चरणों में अनुराग रहे। इसी कारण उन्होंने हिमाचल के घर जाकर पार्वती के शरीर से जन्म लिया॥
**जब तें उमा सैल गृह जाईं। सकल सिद्धि संपति तहँ छाईं॥**
**जहँ तहँ मुनिन्ह सुआश्रम कीन्हे। उचित बास हिम भूधर दीन्हे॥**
जब से उमाजी हिमाचल के घर जन्मीं, तबसे वहाँ सारी सिद्धियाँ और सम्पत्तियाँ छा गईं। मुनियों ने जहाँ-तहाँ सुंदर आश्रम बना लिए और हिमाचल ने उनको उचित स्थान दिए॥ (क्रमशः...)

# उप-चुनाव में भी भाजपा हिंदुत्व एवं राष्ट्रवाद के सहारे



इंडिया गठबंधन ने लोकसभा चुनाव में भले ही संविधान,आरक्षण और जातीय समीकरण साध कर बीजेपी की हिन्दुत्व की राह में रोड़े बिछा दिये थे, लेकिन कहते हैं कि काठ की हांडी बार-बार नहीं चढ़ती है और हाल ही में सम्पन्न हरियाणा और जम्मू कश्मीर के विधान सभा चुनाव में बीजेपी के हिन्दुत्व ने एक बार फिर हुंकार भरी और कांग्रेस के हरियाणा में सरकार बनाने के सपने चूर-चूर हो गये। इसी से उत्साहित बीजेपी अब यूपी के उप चुनाव में भी हिन्दुत्व की पिच पर बैटिंग करने का मन बना चुकी है। जातीय समीकरण को साधने के लिए भाजपा फिर हिंदुत्व के एजेंडे का इस्तेमाल करेगी। कहा जा रहा है कि हरियाणा और जम्मू-कश्मीर के विधानसभा चुनाव का फायदा भाजपा यूपी के उपचुनाव में भी उठाना चाहती है। पार्टी का भी मानना है कि हिंदुत्व के फार्मूले से जातीय समीकरण साधने में उसे मदद मिलेगी। भाजपा का केंद्रीय और प्रदेश नेतृत्व यूपी की नौ विधानसभा सीटों के लिए नवंबर में होने वाले उपचुनाव में हिंदुत्व के साथ राष्ट्रवाद के फार्मूले का परीक्षण करेगी।

लोकसभा चुनाव में यूपी में मनमाफिक नतीजे नहीं आने से दुखी बीजेपी को अगर हिंदुत्व के सहारे उप चुनाव में सफलता मिलती है तो 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए इसी आधार पर पार्टी का आलाकमान रणनीति बनाई जायेगा। दरअसल, हरियाणा में लगातार तीसरी बार और 2014 व 2019 के मुकाबले ज्यादा सीटों के साथ सरकार बनाकर भाजपा ने सारे कयासों को झुठला दिया है। वहीं, जम्मू-कश्मीर में सरकार बनाने का करिश्मा भाजपा भले ही नहीं कर पाई हो, लेकिन वहां मिले सबसे ज्यादा वोटों ने पार्टी में नई उम्मीद जगाई है।

लोकसभा चुनाव 2024 में यूपी में आए नतीजों को कांग्रेस ने भाजपा की राष्ट्रीय राजनीति से विदाई के तौर पर प्रचारित किया। अब हरियाणा और जम्मू-कश्मीर ने इसे एक तरह से खारिज कर दिया है। साफ है कि अब भाजपा यूपी के उपचुनाव में हिंदुत्व और राष्ट्रवाद के एजेंडे को धार देगी। इसका असर प्रदेश में दिखने भी लगा है। हालांकि, भाजपा के एजेंडे की काट को लेकर कांग्रेस और सपा ने भी तैयारी शुरू कर दी है।

**लोकसभा चुनाव में यूपी में मनमाफिक नतीजे नहीं आने से दुखी बीजेपी को अगर हिंदुत्व के सहारे उप चुनाव में सफलता मिलती है तो 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए इसी आधार पर पार्टी का आलाकमान रणनीति बनाई जायेगा।**

बता दें हरियाण की तरह जम्मू-कश्मीर में भी ज्यादातर हिंदू भाजपा के पक्ष में गोलबंद दिखे। राजनीतिक विश्लेषकों के मुताबिक, हिंदू लामबंदी जिस तरह जातीय गोलबंदी पर भारी पड़ती दिखी है, वह यह बताने को पर्याप्त है कि बंटोगे तो कटोगे के नारे ने नतीजों पर असर डाला है। जाहिर है कि भाजपा इसे और धार देगी ताकि यूपी में 2014 से लेकर 2022 जैसे समीकरणों को फिर मजबूत किया जा सके।

**-अजय कुमार**

# हिन्दू पर्वों से इतनी नफरत क्यों और उन पर हमले कब तक?

हिंदू पर्वों नवरात्र व विजयादशमी के अवसर पर पश्चिम बंगाल से लेकर उत्तर प्रदेश सहित देश के कुछ अन्य हिस्सों में जिस प्रकार दुर्गा प्रतिमाओं को खंडित करके अपमानित किया गया, मूर्ति विसर्जन में बाधा डाली गई, शोभा यात्राओं पर हमले किये गए उससे निंदनीय कृत्य नहीं हो सकते। इससे भी निंदनीय है मुस्लिम तुष्टिकरण के लिए एकतरफा विकृत बयानबाजी करके उस हिंसा का बचाव किया जाना। स्वतंत्रता के बाद के इतने वर्षों में हिंदू समाज के लोगों ने कभी भी किसी भी मजहब के पर्वों में किसी भी प्रकार का व्यवधान नहीं डाला वरन सदा सहिष्णुता का परिचय देते हुए उनके पर्वो को मनाने में सहयोग ही किया है। इसके विपरीत मुस्लमान कभी भी हिन्दुओं को उल्लास, उत्साह और प्रसन्नता के साथ कोई पर्व मनाने नहीं देते हमेशा पत्थर, बोतल, और बम लेकर हमले के लिए तैयार रहते हैं। ऐसा कब तक चलेगा ?

उत्तर प्रदेश में योगी सरकार आने के बाद से एक भी बड़ा दंगा नहीं हुआ है, प्रदेश की सशक्त कानून व्यवस्था के कारण ही न केवल योगी सरकार पुन: सत्ता में आई है वरन उसका प्रभाव अन्य प्रान्तों की चुनावी राजनीति पर भी पड़ रहा है। दूसरी तरह कुछ राजनैतिक दल और उनका वोट बैंक हर दिन प्रदेश की कानून व्यवस्था बिगाडने का प्रयास कते रहते हैं। समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के इसी वोट बैंक ने दुर्गा प्रतिमा विसर्जन में पूर्व नियोजित रूप से पथराव करके वातावरण बिगाड़ने में कामयाबी पा ली और और निर्दोष राम गोपाल मिश्रा को अपने प्राण गंवाने पड़े।



शांति भंग करने का प्रयास केवल बहराइच में ही नहीं हुआ, विजयादशमी के पूर्व ही समुदाय विशेष ने लखनऊ और आजमगढ़ में देवी प्रतिमाओं को खंडित कर वातावरण बिगाड़ने का प्रयास किया। लखनऊ में प्रतिष्ठित मरी माता मंदिर में देवी प्रतिमा को खंडित किया गया, आजमगढ़ में मां लक्ष्मी की प्रतिमा को खंडित किया गया, गोंडा जिले में दुर्गा पंडाल के बाहर पत्थरबाजी की गई, हरदोई जिले में भी अरजकतत्वों ने नवरात्रि के समय में ही मंदिर में स्थापित देवी की प्रतिमा को खंडित कर दिया गया जिसके कारण तनाव उत्पन्न हुआ किंतु ग्रामीणों व पुलिस की सतर्कता के कारण बड़ा उपद्रव नहीं हो सका। इसी प्रकार रायबरेली जिले के बछरावां में चंद्रिका देवी मंदिर में रखी चार मूर्तियां अराजकतत्वों ने क्षतिग्रस्त कर दीं। इसी प्रकार अंबेडकरनगर के बेताना में और बाराबंकी के कसबा इचौली में विसर्जन जुलूस के दौरान आपत्तिजनक वस्तु फैंकी गई और उपद्रव करने का प्रयास किया गया। आजमगढ़ में दूसरी बार निजामाबाद मे विसर्जन जुलूस के दौरान डीजे बजाने को लेकर विवाद हो गया। यहां पर 48 अज्ञात लोगों पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। वहीं आगरा के बमरौली कटारा के समोगर घाट पर यमुना में मूर्ति विसर्जन में बाधा डालने के उद्देश्य से धर्म विशेष के दो युवकों ने चौकी प्रभारी मुकेश कुमार पर हमला बोल दिया। उनका गला दबाया और जमीन पर गिराकर पीटा। अतिरिक्त पुलिसकर्मियों के आने पर ही वह किसी प्रकार से बच सके किंतु यहां पर भी लापरवाही के कारण वह दोनों युवक भाग निकलने मे सफल हो गये। बिजनौर जिले में मंदिर से रामचरित मानस को चोरी कर जला दिया गया।

आखिर यह सब मानसिक विकृति नहीं तो और क्या है? नवरात्र और दुर्गापूजा के अवसर पर प्रदेश में जिस प्रकर की घटनाएं घटी हैं यदि विहंगम दृष्टि डाली जाए तो सबका पैटर्न लगभग एक समान है। यह सभी घटनाएं देखने व सुनने में छुटपुट जरूर हैं किंतु इनका उद्देश्य सामूहिक है। केंद्र सरकार ने पीएफआई जैसे कुख्यात संगठनों को प्रतिबंधित अवश्य कर दिया है किंतु ऐसा प्रतीत हो रहा है कि उनके स्लीपर सेल लगातार अपना कार्य कर रहे हैं।

दुर्गा पूजा, विजयदशमी, रामनवमी, गणेशोत्सव भारतीय संस्कृति और परंपरा के महत्वपूर्ण पर्व हैं, पहचान हैं हमारी संस्कृति के इनसे या इनको मनाने वालों से किसी को क्या शत्रुता हो सकती है? बहराइच जिले में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान एक बाईस वर्षीय हिन्दू युवक राम गोपाल मिश्र बलिदान हो गया, मुसलमानों ने अत्यंत क्रूरता से उसकी हत्या कर दी किंतु प्रदेश में मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति करने वाले इस अवसर पर भी अपने वोट बैंक को साधते दिखाई दिए।

ये मुस्लिम तुष्टिकरण वाले दल पहले सरकार और प्रशासन की विफलता को दोष दे रहे थे और अब जब सख्ती बरती जा रही है तब कह रहे हैं कि प्रदेश सरकार एकतरफा कार्यवाही कर रही है। अब उन्हें केवल योगी का इस्तीफा चाहिए क्योंकि अब पत्थरबाजों के हिसाब किताब का समय है। जब दुर्गापुजा और गणेशोत्सव पर ऐसे ही एकतरफा हमले होंगे तो कभी न कभी हिन्दू समाज का धैर्य भी जवाब देगा, यदि हिन्दू समाज भी ऐसा ही करने लगे तो?

बहराइच की घटना में एक निर्दोष 22 वर्षीय हिंदू युवक की बर्बरता पूर्ण हत्या कर दी जाती है तो मीडिया का एक वर्ग भी अल्पसंख्यकों के पक्ष में मौन धारण कर लेता है लेकिन बाबा सिद्दीकी नाम के अपराधी जो तुष्टिकरण करने वालों की कृपा सफेदपोश हो गया उसके लिए आंसू बहा रहा है। ये यह एकतरफा सेकुलरिज्म अब बहुत दिनों तक चलने वाला नहीं है। दूसरी ओर अब हिंदुओं को भी यह बात समझनी होगी कि अपनी सुरक्षा के लिए आप किसी पर निर्भर नहीं रह सकते, अपने आपको इतना सशक्त बनाना होगा कि कोई भी आपके पर्वों को दुःख के पर्व में बदलने का दुस्साहस करने के बारे में सोच भी न सके।

**– मृत्युंजय दीक्षित**

# राशिफल

**कार्तिक कृष्ण पक्ष : द्वितीया** | **(विक्रम संवत् 2081)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
अनावश्यक खर्च होंगे, रोग व्याधि, अनाब शनाब खर्चे, चोरी होना या पैसा कहीं खो जाना इत्यादि मतलब लॉस के चांसेस हैं।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
यात्रा में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। आर्थिक स्थिति में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। स्वास्थ्य आपका मध्यम है।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
व्यापार में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। कोर्ट-कचहरी में हार का संकेत दिख रहा है या असमंजस की स्थिति रहेगी।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
कार्यों में विघ्न बाधा रहेगी। भाग्य में रोड़े रहेंगे। अपमानित होने का भय रहेगा। यात्रा में कष्ट संभव है।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
बच्चों की सेहत पर ध्यान दें। प्रेम में तू-तू मैं-मैं के संकेत हैं। स्वास्थ्य खराब स्थिति में दिख रहा है।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
कन्या राशि की स्थिति 1 तरीके से ठीक-ठाक कही जाएगी लेकिन जीवनसाथी के साथ और स्वास्थ्य दोनों पर ध्यान दें।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
शत्रुओं पर भारी पड़ेंगे। कार्यों की विघ्न बाधा खत्म होगी। राह के रोड़े हटेंगे। स्वास्थ्य प्रभावित होगा। प्रेम, संतान अच्छा।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
बच्चों की सेहत पर ध्यान दें। प्रेम में तू-तू मैं-मैं से बचें। महत्वपूर्ण निर्णय अभी न लें। भावुक बने रहेंगे।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
घरेलू सुख बाधित। गृह कलह के संकेत। स्वास्थ्य मध्यम क्योंकि रक्तचाप ऊपर नीचे होता रहेगा। मां का स्वास्थ्य गड़बड़।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
नाक, कान, गले की परेशानी हो सकती है। स्वास्थ्य प्रभावित दिख रहा है। प्रेम, संतान मध्यम, व्यापार मध्यम।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
मुख रोग के शिकार हो सकते हैं। गंदी जुबान से बचें। धन हानि के संकेत हैं। प्रेम संतान ठीक है, व्यापार भी लगभग ठीक रहेगा।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
नकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा। स्वास्थ्य प्रभावित दिख रहा है। बच्चों का स्वास्थ्य गड़बड़ रहेगा। प्रेम में तू-तू मैं-मैं।

# किसानों एवं अधिकारियों में हुई वार्ता



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** किसानों के आंदोलन के चौथे दिन तीनों प्राधिकरणों के मुख्य कार्यपालक अधिकारी, जिलाधिकारी एवं पुलिस के आला अधिकारियों के साथ संयुक्त किसान मोर्चा के नेताओं की वार्ता हुई।

नोएडा यमुना एक्सप्रेसवे के मुख्य कार्यपालक अधिकारी एवं ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी के एशियाई स्टार के अधिकारी स्वामी श्रीवास्तव और सुनील कुमार सिंह डीआईजी बबलू कुमार जिला अधिकारी वार्ता में मौजूद रहे। वार्ता में अधिकारियों ने हाई पावर कमेटी की सिफारिशों को सार्वजनिक करने के संबंध में सहमति जाहिर की। प्रतिनिधि मंडल में किसान सभा के डॉक्टर रुपेश वर्मा किसान परिषद के सुखबीर खलीफा जय जवान जय किसान मोर्चा के सुनील फौजी किसान संघर्ष समिति के बृजेश भाटी कृषक शक्ति से जितेंद्र भाटी एवं एनटीपीसी के किसानों के प्रतिनिधि अनूप राघव शामिल रहे।

वार्ता में निरंकार प्रधान, निशांत रावल सुधीर रावल भोजराज रावल शांति देवी गीता देवी हृदय शर्मा अजब सिंह भाटी सचिन एडवोकेट, विरेंद्र राघव मुकेश राणा जितेंद्र राणा करण राघव पंकज खारी नितिन राणा सतबीर यादव, गबरी यादव ओम दत्त पंडित, भीम सिंह, अजय पाल भाटी, सुंदर प्रधान पप्पू ठेकेदार मनोज प्रधान मनवीर खानपुर सूल यादव बुधपाल यादव सतबीर यादव, मास्टर राजवीर सिंह सतपाल खारी धर्मेंद्र भाटी अशोक भाटी प्रशांत भाटी गुरप्रीत एडवोकेट मोहित भाटी मोहित यादव मोहित नागर बाबा छात्र रंगलाल भाटी जयप्रकाश आर्य अनूप राघव गोपाल शर्मा विक्रम भारती, जगत प्रधान संजय शर्मा जयवीर प्रधान सोनू पहलवान नीरज गुर्जर कंवरपाल प्रधान सचिन एडवोकेट जोगेंद्र देवी रईसा बेगम तिलक देवी रीना भाटी संतोष सविता रीता गीता सुनीता, गंगेश्वर दत्त शर्मा मुख्य रूप से शामिल रहे।

# बैठक का हुआ आयोजन



**नोएडा ( चेतना मंच )।** ज्ञानश्री स्कूल सेक्टर-127 में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में हल्दीराम एजुकेशन सोसाइटी के पदाधिकारी वीरेंद्र मलिक ने बताया कि हमारी संस्था 5 से 12 वीं पास लड़के/ लड़कियों को ट्रेनिंग देकर रोजगार देने का कार्य कर रही है।

बैठक में मजदूर संगठन सीटू के जिला अध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा, नवरत्न फाउंडेशन के अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव आदि शामिल रहे।

## दोनों राज्यों में मिलेगा बहुमत : भाटी

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** भारतीय जनता पार्टी के नेता नवीन भाटी ने दावा किया है कि झारखंड एवं महाराष्ट्र में हो रहे विधानसभा के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को पूर्ण बहुमत मिलेगा।



उन्होंने कहा कि भाजपा वहां दोनों राज्यों में सरकार बनाने काम करेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में विकास तेजी के साथ हो रहा है। उन्होंने कहा कि विपक्ष पार्टी को एक साजिश के तरह बदनाम करने का षड़यंत्र रच रही है।

# विवाहिता ने की आत्महत्या 6 पर मुकदमा दर्ज

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना जेवर क्षेत्र के ग्राम थोरा बंकापुर में ब्याही एक महिला द्वारा आत्महत्या करने के मामले में उसके भाई ने ससुराल पक्ष के 6 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है।

थाना जेवर के प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि बीती रात को बृजेश पुत्र किरण पाल सिंह निवासी जनपद बुलंदशहर ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसकी बहन प्रीति की शादी 14 वर्ष पूर्व हिंदू रीति रिवाज से बंकापुर गांव में रहने वाले बिकास के साथ हुई थी। उन्होंने बताया कि पीड़ित का आरोप है की शादी के समय से ही उसकी बहन के ससुराल पक्ष के लोग दहेज के लिए उसका उत्पीड़न करने लगे। उन्होंने बताया कि पीडि़त के अनुसार उन्होंने अपनी जमीन बेचकर करीब 6.5 लाख रुपए का सामान अपनी बहन को दोबारा से दहेज के रूप में दिया। इसके बावजूद भी उसकी बहन के ससुराल पक्ष के लोग उसका उत्पीड़न करते रहे। उन्होंने बताया कि पीडि़त के अनुसार उसकी बहन को कई बार इन लोगों ने मारपीट कर उसे मायके भेज दिया, लेकिन वे लोग बीच बचाव करके उसे ससुराल में भेज देते थे।

थाना प्रभारी ने बताया कि पीडि़त का आरोप है कि 15 अक्टूबर को उसकी बहन ने फोन करके बताया कि उसके ससुराल के लोग उसकी हत्या करने की प्लानिंग कर रहे हैं। 16 अक्टूबर को वह अपनी बहन को लेने के लिए जाने वाला था। इसी बीच उसकी बहन ने अपनी ससुराल में पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। उन्होंने बताया कि पीड़ित का आरोप है कि उसकी बहन की सास श्रीमती सुमन, ससुर शिव शंकर, विकास, आकाश, योगिता आदि ने दहेज के लिए उसका उत्पीड़न किया। जिसकी वजह से उसने आत्महत्या कर ली है।

## सात जुआरी गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना फेस-2 पुलिस ने बीती रात को सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे सात लोगों को गिरफ्तार किया है।

थाना फेस-2 के प्रभारी निरीक्षक विंध्याचल तिवारी ने बताया कि बीती रात को एक सूचना के आधार पर थाना पुलिस ने चैतन्य बिल्डिंग के पास खुले मैदान में सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे मोनू पुत्र बाबू ,रवि कुमार पुत्र विजयपाल, रमेश कुमार पुत्र भोपाल सिंह, अमित कुमार पुत्र तेजपाल सिंह, सुंदर सिंह पुत्र केहर सिंह, राकेश कुमार पुत्र मंगतराम, धीरज कुमार पुत्र महा सिंह को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताएं कि इनके पास से ताश की गड्डी और करीब 5 हजार रुपए नगद बरामद हुआ है।

# प्राधिकरण के अधिकारियों ने किया सर्फाबाद का दौरा



**नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्राम सर्फाबाद में नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियो के साथ सीवर और जल की कमियों को सही करने के लिए मीटिंग की और गांव का दौरा कराकर जल्द गंगा जल आपूर्ति के लिए निरीक्षण किया गया। सभी कार्य जल्द पूरे होंगे ऐसा अधिकारियों ने आश्वासन दिया। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के महासचिव विकास यादव, सतवीर यादव, विजयपाल, जयवीर, वीरपाल, संतराम, रामी सिंह, कालूराम, मुकेश तथा प्राधिकरण के जल एवं सीवर विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

# तीन बदमाश गिरफ्तार, 2 तमंचा व कारतूस बरामद

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना कासना पुलिस ने बीती रात को लूट की योजना बना रहे तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से देसी तमंचा, कारतूस, चाकू सब्बल, पेचकस, हथौड़ा आदि बरामद किया है।

थाना कासना के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह ने बताया कि बीती रात को उपनिरीक्षक मलूक सिंह गस्त पर थे, तभी उन्हें सूचना मिली कि घंघोला गांव के खेतों में स्थित एक ट्यूबवेल पर कुछ लोग बैठकर लूटपाट करने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने बताया कि सूचना के आधार पर पुलिस की एक टीम बनाकर वहां पर छापेमारी की गई। वहां पर लूट की योजना बना रहे रिंकू शर्मा पुत्र हरि शर्मा, अंकित भाटी पुत्र अनिल भाटी, तथा अतुल पाल पुत्र विजयपाल को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि इनके पास से पुलिस ने एक देसी तमंचा ,दो चाकू, कारतूस, सब्बल, हथौड़ा, पेचकस आदि बरामद किया है। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला कि ये लोग राह चलते लोगों से लूटपाट करने की योजना बना रहे थे।

उन्होंने बताया कि आरोपियों ने लूटपाट और चोरी की कई बारदातें करनी स्वीकार की है।

## पृष्ठ एक के शेष....

**बहराइच में 'बुल्डोजर'....**

इस नोटिस में लिखा गया था कि इसका जवाब न दिया गया तो पूरे घर को ध्वस्तीकरण करने की कार्रवाई होगी। इसके साथ ही यहां के करीब 30 घरों पर यह नोटिस चस्पा हुई थी। ऐसे में इन सभी के खिलाफ बुल्डोजर एक्शन होना तय माना जा रहा है। यह सभी इस हिंसा में शामिल आरोपियों के ही घर बताए जा रहे है। वहीं इस मामले में लापरवाही मिलने पर एएसपी को भी हटाने की तैयारी है। जबकि तहसीलदार को डीएम कार्यालय अटैच कर दिया गया है।

**क्रैम्ब्रिज स्कूल पर....**

पीड़िता बच्ची के पिता ने पत्र में विस्तार से बताया कि उन्होंने 9 अक्तूबर को पुलिस से संपर्क किया था। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए 10 अक्तूबर को उन्हें और उनकी बच्ची को स्कूल लेकर गई। स्कूल पहुंचने पर जब उन्होंने जूनियर विंग की प्रिंसिपल और क्लास टीचर को बुलाने का अनुरोध किया तो स्कूल के एक शिक्षक ने कहा कि इसकी जरूरत नहीं है। इसके बाद पुलिस ने बच्ची से सभी स्टाफ की पहचान करवाई, जिसमें उसने बार-बार एक ही व्यक्ति को पहचाना। इस पहचान के आधार पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और क्लॉस टीचर तथा स्कूल प्रशासक को भी गिरफ्तार किया था, लेकिन इन दोनों को जमानत मिल चुकी है।जबकि हाउसकीपिंग स्टाफ नित्यानंद अभी जेल में है। प्रदर्शन में मौजूद अधिकतर अभिभावकों ने कहा कि उन्हें अपने बच्चों की सुरक्षा को लेकर डर है।स्कूल प्रबंधन ने आरोपी स्टाफ के खिलाफ कोई कड़ी कार्रवाई नहीं की है और पुलिस ने भी हल्की धाराओं में मामला दर्ज जिसके बाद क्लास टीचर व स्कूल प्रशासक को जमानत मिल गई। इस बात से अभिभावक नाराज हैं। अभिभावकों को समझाने के लिए मौके पर पुलिस आला अधिकारी भी मौजूद थे।

**पश्चिमी उप्र का ग्रोथ....**

न्यू नोएडा का मास्टर प्लान प्राधिकरण और एसपीए (स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्ट) ने बनाया है।

नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ सतीश पाल ने बताया कि न्यू नोएडा के मास्टर प्लान 2041 को प्राधिकरण की 210वीं बोर्ड में रखा गया था। सितंबर 2023 में इस मास्टर प्लान पर आपत्तियां मांगी गई। जिसके बाद 12 जनवरी 2024 को एप्रूवल के लिए शासन को भेजा गया। वहां से आज मंजूरी मिल गई। न्यू नोएडा का काम चार फेज में पूरा किया जाएगा।

2023-27 तक इसके 3165 हेक्टेयर को विकसित किया जाएगा। इसी तरह 2027 से 2032 तक 3798 हेक्टेयर एरिया को विकसित किया जाएगा। इसके बाद 2032-37 तक 5908 हेक्टेयर और अंत में 2037-41 तक 8230 हेक्टेयर जमीन को विकसित करने का पलन है। इसके लिए जमीन अधिग्रहरण निति क्या होगी। इसके लिए शासन स्तर पर गाइड लाइन जारी की जाएगी।

**25 हजार का वांछित ....**

राहुल मिश्रा पुत्र हरिओम मिश्रा निवासी कबूल नगर शाहदरा दिल्ली के नाम पते का फर्जी आधार कार्ड बनाया था उसी आधार कार्ड का उपयोग करते हुये मेरे द्वारा कैनरा बैंक की शाखा में एक खाता खुलवाया गया था और दो मोबाइल नम्बर भी इसी नाम-पते पर लिये गये थे तथा अपने सह अभियुतगणो से भी अपनी पहचान राहुल मिश्रा के रूप में बतायी थी ताकि मै गिरफ्तारी से बचा रहूं।

नोएडा पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि राहुल इस घोटाले के मुख्य आरोपी मनु भोला का करीबी साथी है। राहुल ने ही प्राधिकरण के खातों से करीब 4 करोड़ रुपये नोएडा के अलग-अलग खातों में भेजे थे। राहुल ने गुजरात और चंपारण के हवाला कारोबारियों की मदद ली। उन्हें 10 प्रतिशत कमीशन देकर यह पैसा निकलवाया गया। जांच में यह भी खुलासा हुआ कि राहुल मिश्रा का असली नाम गौरव शर्मा है। वह लंबे समय से फर्जी नाम से रह रहा था। इस गिरोह के कुछ और सदस्य अभी फरार हैं। उनकी तलाश जारी है। जल्द ही वे भी पकड़े जाएंगे।

4 जुलाई 2023 को मनोज कुमार ने सेक्टर-58 थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। नोएडा विकास प्राधिकरण ने सेक्टर-62 स्थित बैंक ऑफ इंडिया में 200 करोड़ रुपये की एफडी कराने के लिए 21 जून 2023 को पत्र भेजा था। बैंक ने 100-100 करोड़ रुपये की दो एफडी की मूल कॉपी 26 जून को प्राधिकरण को भेज दी। प्राधिकरण ने एफडी की पुष्टि के लिए 3 जुलाई को बैंक से संपर्क किया तो पता चला कि एफडी बनी ही नहीं। बल्कि 30 जून को 3.90 करोड़ रुपए दूसरे खाते में ट्रांसफर कर दिए गए और 9 करोड़ रुपए और ट्रांसफर करने की कोशिश की गई। बैंक ने समय रहते ट्रांजेक्शन फ्रीज कर दिया।

इस मामले में करीब एक साल नोएडा प्राधिकरण के मुख्य वित्त अधिकारी मनोज कुमार ने इसकी शिकायत दर्ज कराई थी। शुरू में सेक्टर 58 थाने की पुलिस जांच कर रही थी। बाद में यह मामला क्राइम ब्रांच को सौंप दिया गया। पिछले महीने ही पुलिस ने इस गिरोह के सरगना मनु को गिरफ्तार किया था। अब राहुल की गिरफ्तारी से कई नए खुलासे हो सकते हैं।

**पांच बदमाशों पर लगाया....**

इस गिरोह का सरगना देवेंद्र उर्फ देवन शर्मा है।

थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ उत्तर प्रदेश गिरोह बंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1986 के तहत गैंगस्टर की कार्रवाई की गई है।

**अवैध रूप से बेच रहे ....**

सिलेंडरों को भरकर बेचा जा रहा है। सूचना के आधार पर वह टीम के साथ मौके पर पहुंचे। यहां खड़े टेंपो में सिलेंडर रखे हुए थे। टेंपो के पास मौजूद ईश्वर सिंह पुत्र राजवीर सिंह से पूछताछ की गई तो उसने बताया कि उसने यह गैस सिलेंडर बुलंदशहर की एक गैस एजेंसी से खरीदे हैं। इस एजेंसी के कर्मचारी उन्हें बिना किताब के 870 रुपए का सिलेंडर देते हैं। इन सिलेंडरों को वह नरेंद्र चेची निवासी तुगलपुर के साथ मिलकर 930 रुपए में जरूरतमंदों को ब्लैक में बेच देता है। ईश्वर सिंह ने बताया कि वह प्रतिदिन लगभग 20 से 25 सिलेंडर बेच देते हैं और जो मुनाफा होता है उसे वह आपस में बांट लेते हैं। जिला पूर्ति निरीक्षक की शिकायत पर ईश्वर सिंह व नरेंद्र चेची के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और बरामद सिलेंडरों को जब्त कर लिया गया है।

**कमरे का ताला तोड़कर ...**

वर्तमान में चौड़ा गांव में में किराए पर रह रहा है। 16 अक्टूबर को वह कमरे को ताला लगाकर अपनी ड्यूटी पर चला गया। शाम के समय जब वह ड्यूटी से वापस घर लौटा तो उसे दरवाजे पर लगा ताला टूटा हुआ मिला। उसने घर के भीतर जाकर देखा तो कमरे में रखा लैपटॉप, टैब, कलाई घड़ी, दो ट्रिमर व अन्य सामान गायब था। पीड़ित ने इसकी सूचना थाना पुलिस को दी। पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी का कहना है कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा की फुटेज को खंगाला जा रहा है।

**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200

Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com raghuvanshirampal365@gmail.com raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in www.chetnamanch.com



# तनाएरा ने नए 'तारिणी कलेक्शन' के साथ ब्रह्मांड के दिव्य चमत्कारों को जीवंत बनाया

**मुंबई, एजेंसी।** त्योहारों के इस सीज़न तनाएरा लेकर आई है तारिणी कलेक्शन, जिसमें आकाश से प्ररित साड़ियों की बेहतरीन रेंज शामिल है, जो आधुनिक भारतीय महिला की भव्यता, क्षमता और सदाबहार आकर्षण का जश्न मनाती हैं। इस शानदार कलेक्शन में तकरीबन 100 साड़ियां शामिल हैं, इनमें सेहर साड़ी ब्रह्मांड के जादू को लक्ज़री ड्रेप में बुनी हुई प्रतीत होती है। त्योहारों, शादियों और साल के अंत के समारोहों के लिए डिज़ाइन किए गए तारिणी कलेक्शन का हर पीस परम्परा, कारीगरी और सितारों के आकर्षण का प्रतीक है।



मोंगा सिल्क, ऑर्गेन्ज़ा, टसर और टिश्यू जैसे बेहतरीन फैब्रिक से बने इस कलेक्शन हर साड़ी रात के आकाश की गहराई और भव्यता को प्रतिबिंबित करती है। बुनाई की पारम्परिक तकनीकों और आधुनिक कारीगरी का संयोजन ये साड़ियां ऐसा कैनवास बन गई हैं, जहां ब्रह्मांड के आश्चर्य जीवंत रूप में दिखाई देते हैं। हाथ की पेंटिंग, जटिल बाटिक, रिफाइन्ड प्रिंट से युक्त और विशेष तरीके से लेयर्ड, ये साड़ियां सितारों, ब्रह्मांड के दृश्यों और हमेशा बदलते रहते चांद को प्रतिबिंबित करती हैं।

हाथ से की गई कढ़ाई का जादू हर पीस को खूबसूरती से सजाता है और फैब्रिक को बेहद आकर्ष कलाकृति में बदल देता है। गोल्ड एवं सिल्वर ज़रदोज़ी, शिमरिंग सिक्विन, सटीकता से इस्तेमाल किए गए टिश्यू एप्लीक सितारों जैसी अलौकिक चमक बिखेरते दिखाई देते हैं। इन साड़ियों को खगोलीय रूपांकनों से सजाया गया है- जो इन्हें दूसरी दुनिया की भव्यता और आकर्षण प्रदान करते हैं। हर सिलाई और हर अलंकरण इस कलेक्शन को अनूठी आभा देता है।

### रात का आकाशः गहरे रंग और जीवंत कंट्रास्ट

ब्रंह्मांड के गहरे मंत्रमुग्ध कर देने वाले रंग, ब्रह्मांड की गहराई और विस्तार का प्रतीक हैं। इन रंगों को बड़ी ही खूबसूरती से वाइब्रेन्ट फ्यूशिया, बोल्ड मैटेलिक एक्सेंट और कंट्रास्ट पाइपिंग के साथ कंट्रास्ट किया गया है, जो पारम्परिक भव्यता को आधुनिक लुक देते हैं। कलर और डिज़ाइन का संयोजन, ऐसा प्रतीत होता है मानो परम्परा और आधुनिकता के बीच परफेक्ट तालमेल बना रहा हो।

## एमआईसी इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड बोर्ड ने मार्केट में उपस्थिति बढ़ाने के लिए कंपनियों के अधिग्रहण के प्रस्ताव को मंजूरी दी

**मुंबई, एजेंसी।** एलईडी वीडियो डिस्प्ले के डिज़ाइन, डेवलपमेंट और मैन्युफैक्चरिंग में ग्लोबल लीडर एमआईसी ने घोषणा की है कि उसके बोर्ड ने समान/संबद्ध लाइनों में लगी कंपनियों की बाज़ार में उपस्थिति को बढ़ाने, नए बाज़ारों और प्रौद्योगिकियों तक पहुंच बनाने के लिए कंपनी के व्यवसाय का विस्तार करने हेतु अधिग्रहण के प्रस्ताव को मंज़ूरी दे दी है। इसके अलावा, बोर्ड ने सदस्यों की मंज़ूरी के अधीन, 5 साल की अवधि के लिए नॉन-एग्जीक्यूटिव इंडिपेंडेंट केटेगरी में कंपनी के अतिरिक्त निदेशक के रूप में श्री पेनुमाका वेंकट रमेश की नियुक्ति को मंज़ूरी दे दी। श्री पीवी रमेश के पास एशिया पेसिफिक, यूरोप और अफ्रीका सहित क्षेत्रों में सरकारों, अंतर्राष्ट्रीय संगठनों और कॉर्पोरेट उद्यमों में 40 वर्षों से अधिक का वरिष्ठ कार्यकारी नेतृत्व है। उन्होंने भारत सरकार, आंध्र प्रदेश, यूएनओपीएस , यूएनएफपीए , आईएफएडी विश्व बैंक और आरईसी लिमिटेड में उल्लेखनीय रूप से, आरईसी लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक के रूप में महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाई हैं, साथ ही उन्होंने इसकी लाभप्रदता को दोगुना कर दिया और घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय बाज़ार दोनों क्षेत्रों में महत्वपूर्ण धन जुटाया। श्री रमेश के पास कॉर्पोरेट, गवर्नेंस, पब्लिक और कॉर्पोरेट फाइनेंस, एनर्जी, इंफ्रास्ट्रक्चर और ग्रीन फाइनेंसिंग में व्यापक विशेषज्ञता है। उनका नेतृत्व एनर्जी पहुंच और ग्रीन एनर्जी इनिशिएटिव को आगे बढ़ाने में सहायक रहा है। उन्होंने मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड सहित प्रमुख निगमों को भी सलाह दी है, और विभिन्न संगठनों में विजिटिंग प्रोफेसर, सलाहकार और बोर्ड सदस्य के रूप में योगदान देना जारी रखा है। हाल ही में कंपनी ने घोषणा की थी कि उसे ईस्टर्न रेलवे जोन के मालदा डिवीज़न से ईस्टर्न रेलवे के मालदा मंडल के अभयपुर स्टेशन पर सीआईबी के प्रोविज़न हेतु स्वीकृति पत्र मिला है। इससे पहले, इसे एसजीई , एसए में टेलीकॉम बेस्ड पैसेंजर सुविधाओं के प्रोविज़न और ईएलएस , इरोड में के प्रोविज़न हेतु सदर्न रेलवे ज़ोन के सेलम डिवीज़न से स्वीकृति पत्र मिला था।

## हजूर मल्टी प्रोजेक्ट्स लिमिटेड बोर्ड ने 07 नवंबर को स्टॉक स्प्लिट के लिए रिकॉर्ड तिथि निर्धारित की

**मुंबई, एजेंसी।** हजूर मल्टी प्रोजेक्ट्स लिमिटेड (एचएमपीएल) (बीएसई-532467), जो इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट और कंस्ट्रक्शन (ईपीसी) ठेका सेवाओं में अग्रणी है, ने घोषणा की है कि 07 नवंबर 2024 को 1:10 स्टॉक स्प्लिट के लिए रिकॉर्ड तिथि निर्धारित की गई है, जैसा कि कंपनी की वार्षिक सामान्य बैठक में शेयरधारकों द्वारा अनुमोदित किया गया था। इससे पहले, कंपनी ने घोषणा की थी कि उसके बोर्ड ने स्क्वायर पोर्ट शिपयार्ड प्राइवेट लिमिटेड के हजूर मल्टी प्रोजेक्ट्स लिमिटेड में विलय के लिए सैद्धांतिक मंजूरी दी है। इसका उद्देश्य दोनों व्यवसायों की ताकतों और तालमेल को एकजुट करना और सभी हितधारकों के बेहतर हित में काम करना है। यह प्रक्रिया शेयरधारकों, लेनदारों, स्टॉक एक्सचेंज, एनसीएलटी, सेबी और सभी अन्य वैधानिक/लागू प्राधिकरणों की मंजूरी के अधीन होगी। हाल ही में, कंपनी ने घोषणा की है कि उसे भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) से मुलावाड़ एफपी पर टोल शुल्क संग्रहण एजेंसी के रूप में कार्य करने के लिए एक वर्क आर्डर प्राप्त हुआ है।

## एक्सिस बैंक ने यूपीआई पेयर पेमेंट सर्विस प्रोवाइडर के रूप में नंबर 1 स्थान प्राप्त किया

**मुंबई, एजेंसी।** - देश में निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंकों में से एक एक्सिस बैंक ने भारत में अग्रणी यूपीआई पेयर पेमेंट सर्विस प्रोवाइडर (पीएसपी) बैंक के रूप में अपनी उपलब्धि की घोषणा की है। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) द्वारा प्रकाशित आंकड़ों के अनुसार, सितंबर 2024 तक, एक्सिस बैंक के पास यूपीआई पेयर पीएसपी क्षेत्र में 30.87 प्रतिशत की बाजार अग्रणी हिस्सेदारी है। यह उपलब्धि नवाचार, ग्राहक-केंद्रित समाधानों और रणनीतिक साझेदारी के प्रति बैंक की अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है। एक्सिस बैंक ने रणनीतिक रूप से न केवल बड़ी फिनटेक दिग्गजों के साथ साझेदारी करने पर ध्यान केंद्रित किया है, जो यूपीआई क्षेत्र में शुरुआती प्रवेशकर्ता थे, बल्कि इस क्षेत्र में नए प्रवेशकों के साथ भी हाथ मिलाया है। इन गठजोड़ों का उद्देश्य इन नए प्रवेशकों के कैप्टिव बेस को पकड़ना और उन्हें सीधे उनके ऐप पर यूपीआई सॉल्यूशंस प्रदान करना है। विशिष्ट ग्राहक वर्ग को लक्षित करने वाले संगठनों और विभिन्न ग्राहक आधार के लिए मूल्य प्रस्ताव लाने वाले फिनटेक के साथ साझेदारी करने का यह रणनीतिक कदम इस उपलब्धि में महत्वपूर्ण रहा है। ऑन-प्रिमाइसेस और क्लाउड-आधारित दोनों प्रणालियों को शामिल करने वाले एक मजबूत आईटी इन्फ्रास्ट्रक्चर के साथ, इस दृष्टिकोण ने यूपीआई से संबंधित ईको सिस्टम में बैंक की वृद्धि को बढ़ावा दिया है।

## सर्वेश्वर फूड्स लिमिटेड बोर्ड दुबई स्थित नेचुरल ग्लोबल फूड्स डीएमसीसी को पूर्ण स्वामित्व वाली सब्सिडियरी बनाने हेतु शेष हिस्सेदारी के अधिग्रहण पर विचार करेगा

**मुंबई।** कृषि उत्पाद एफएमसीजी क्षेत्र में आईएसओ 22000: 2018 और यूएसएफडीए प्रमाणित अग्रणी सर्वेश्वर फूड्स लिमिटेड ने घोषणा की है कि उसका बोर्ड फाइनेंशियल ईयर 25 की दूसरी तिमाही के वित्तीय परिणामों पर विचार करने के लिए 18 अक्टूबर 2024 को मीटिंग करेगा और फिर दुबई स्थित कंपनी नेचुरल ग्लोबल फूड्स डीएमसीसी को अन्य शेयरधारकों से शेष हिस्सेदारी खरीदकर कंपनी को पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी बनाने पर आगे विचार करेगा।

इससे पहले, कंपनी ने एक उल्लेखनीय उपलब्धि की घोषणा की- कंपनी चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही के दौरान बिक्री में 500 करोड़ को पार कर गई। यह महत्वपूर्ण माइलस्टोन सर्वेश्वर फूड्स लिमिटेड की प्रीमियम पेशकशों की बढ़ती लोकप्रियता निंबार्क नाम के ब्रांड के तहत बेचे जाने वाले इसके जैविक उत्पादों की बढ़ती मान्यता को दिया जाता है। परिणामस्वरूप, कंपनी उच्च गुणवत्ता वाली जैविक पेशकशों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के कारण लाभ में वृद्धि देख रही है। 130 वर्षों से अधिक की विरासत के साथ, सर्वेश्वर फ़ूड लिमिटेड ने घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय दोनों बाज़ारों में स्वादिष्ट चावल के उत्पादन में उत्कृष्टता के लिए प्रतिष्ठा अर्जित की है। कंपनी ब्रांडेड और गैर-ब्रांडेड बासमती की एक विस्तृत श्रृंखला की मैन्युफैक्चरिंग, ट्रेडिंग, प्रोसेसिंग और मार्केटिंग में माहिर है। प्रत्येक उत्पाद सात्विक जीवन शैली के दर्शन का प्रतीक है, जो हिमालय की उपजाऊ, खनिज समृद्ध मिट्टी में उगाए गए चावल, जैविक खाद और चिनाब नदी के शुद्ध पानी से प्राप्त होता है।

## अपने प्रदेश के एम्बैसेडर बनें – युवा संगम के पांचवे चरण के लिए ऑनलाइन पंजीकरण करें

**मुंबई, एजेंसी।** देश भर के हजारों युवाओं को अपने राज्य/ केन्द्रीय शासित प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने का अवसर दिया जा रहा है, और वे ऐसा कर सकते हैं शिक्षा मंत्रालय द्वारा 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के अंतर्गत लांच किए गए एक अनूठे कार्यक्रम 'युवा संगम' के जरिए। यह युवा संगम का पांचवा चरण है और ऑनलाइन पंजीकरण 21 अक्टूबर 2024 तक खुला है। 18 से 30 वर्ष के आयु वर्ग के इच्छुक युवा अंतिम तारीख से पहले युवा संगम पोर्टल पर पंजीकरण कर सकते हैं; इन उम्मीदवारों में मुख्यतः विद्यार्थी, एनएसएस/एनवायकेएस वॉलंटियर, नौकरी/स्वरोजगार करने वाले आदि युवा ही शामिल हो सकते हैं। ऑफ-कैम्पस विद्यार्थियों से भी पंजीकरण करने का आग्रह किया जाता है जिन्होंने ऑनलाइन कोर्स, कौशल संस्थान आदि में दाखिला लिया है। ''विद्यार्थियों एवं युवा पेशेवरों के लिए यह बहुत उत्साहजनक अवसर है। इस 5-7 दिनों की परिवर्तनकारी यात्रा में वे अपने देश, देश के लोगों और यहां तक की खुद अपने बारे में भी बहुत कुछ नया जानेंगे व सीखेंगे। युवा संगम सहभागियों को अवसर देता है कि वे भारत की विविधता को स्वयं अनुभव करें

## बीडी सिक्योरिटी लिमिटेड ने आईपीओ के लिए एनएससई इमर्ज पर डीआरएचपी फाइल किया

**मुंबई, एजेंसी।** सिक्योरिटी सेवाओं और टेलीकॉम ओएंडएम की एक प्रमुख प्रदाता, बीडी सिक्योरिटी लिमिटेड ने आईपीओ के साथ प्रायमरी मार्केट में प्रवेश करने की अपनी योजना की घोषणा की है. कंपनी ने आईपीओ की तैयारी में एनएसई इमर्ज पर अपना ड्राफ्ट रेड हेयरिंग प्रोस्पेक्टस फाइल किया है. कंपनी की 10 प्रत्येक सम भाव पर 44,56,000 फ्रेश इक्विटी शेयर्स जारी करने की योजना है. कंपनी के अपनी आईपीओ योजना के साथ आगे बढ़ने से जुटाई जाने वाली धनराशि का उपयोग कार्यशील पूंजी की जरूरत और आम कॉर्पोरेट कार्यों को पूरा करने के लिए किया जाएगा. जुटाई जाने वाली धनराशि कंपनी के व्यूहात्मक उद्देश्यों को सपोर्ट करने के साथ उसकी स्पर्धात्मक पोजीशन को मजबूत करेगी और ग्रोथ को आगे बढ़ाएगी. 31 मार्च, 2024 को समाप्त अवधि के लिए, कंपनी ने 11,859.20 लाख की आय, 1,424.69 लाख के एबिटडा तथा 801.87 लाख के कर बाद लाभ की रिपोर्ट दी है. बीलाइन कैपिटल एडवाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड को इश्यू की बुक रनिंग लीड मैनेजर नियुक्त किया गया है, जबकि स्काईलाइन फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड इश्यू के रजिस्ट्रार के रूप में कार्य करेगी.

## थ्रिलर सीरीज फ्रीडम एट मिडनाइट' भारत की आजादी की लड़ाई पर आधारित

**मुंबई, एजेंसी।** हमें किसी ऐसे व्यक्ति की ज़रूरत थी जो वास्तव में पंडित नेहरू के रूप दे सके और सिद्धांत की प्रतिभा निर्विवाद थी ऐसा निखिल आडवाणी का कहना है। सिद्धांत गुप्ता ने हाल ही में सोशल मीडिया पर सुर्खियाँ बटोरी हैं। गौरतलब है कि सोनी लिव के बहुप्रतीक्षित पॉलिटिकल थ्रिलर सीरीज 'फ्रीडम एट मिडनाइट' में पंडित जवाहरलाल नेहरु का उनका लुक काफी चर्चा में है। यह सीरीज भारत की आजादी की लड़ाई पर आधारित है। इसमें उन महत्वपूर्ण घटनाओं तथा मशहूर हस्तियों के बारे में बताया गया है, जिनका देश के इतिहास में एक महत्वपूर्ण स्थान है। भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित नेहरु उन्हीं हस्तियों में से एक हैं। जाने-माने सिद्धांत गुप्ता इस प्रमुखकिरदार को अदा करेंगे। आखिर निर्देशक और शोरनर निखिल आडवाणी ने इस भूमिकाके लिये सिद्धांत को ही क्यों चुना कास्टिंग के इस फैसले के पीछे एकदिलचस्प कारण है, जिसके बारे में हम यहां बता रहे हैं। 'फ्रीडम एट मिडनाइट' के निर्देशक एवं शोरनर निखिल आडवाणी ने इस सीरीज के लिये कास्टिंग की प्रक्रिया पर बात करते हुए कहा, ''इस प्रोजेक्ट के लिये कास्टिंग करना कोई आसान काम नहीं था

## मिआ बाए तनिष्क के साथ त्योहारों में जगमगाएगा रेट्रो ग्लैमर, पेश है मिआ डिस्को कलेक्शन

**मुंबई, एजेंसी।** भारत के सबसे ट्रेंडी प्रेशियस फाइन ज्वेलरी ब्रांड्स में से एक, मिआ बाए तनिष्क ने लॉन्च किया है, मिआ डिस्को कलेक्शन। 70 के दशक के डिस्को एरा का जोश और बोल्ड ग्लैमर से प्रेरित यह कलेक्शन आने वाले त्योहारों की चमक-दमक को सुनहरा बना देगा।



मिआ डिस्को कलेक्शन रेट्रो स्टाइल का जश्न मनाता है, इतनाही नहीं, आपको आमंत्रित करता है, अपने भीतर की चमक को उजागर करने और त्योहारों को उत्साह से मनाकर ज़िन्दगी को खुशी से गले लगाने के लिए! इस कलेक्शन में मौजमस्ती है, आज़ादी है और यह बहुत ही आसानी से शानदार और खूबसूरत भी है, इन आभूषणों को पहनकर आप हर गैदरिंग, हर त्यौहार, हर पारिवारिक कार्यक्रम में जगमगा जाओगी।

14 और 18 कैरेट सोने और शानदार हीरों से बने मिआ के डिस्को-प्रेरित आभूषण रेट्रो खूबसूरती और आधुनिक स्टाइल का बेहद आकर्षक मिलाप हैं, हर त्यौहार को चमकदार बना देते हैं। इनमें मॉड्यूलर ज्वेलरी की वर्सटैलिटी है, एक ही आभूषण के साथ आप कई अलग-अलग लुक्स बना सकती है। दिन से रात, अंडरस्टेटेड से शो-स्टॉपिंग तक, हर बदलाव बहुत ही आसानी से करना जिन्हें पसंद है उन महिलाओं के लिए यह कलेक्शन बेहतरीन है। बोल्ड जिओमेट्रिक आकार, नाजुक मेश डिटेल्स, ज़िगज़ैग पैटर्न्स और उत्साह, उमंग से भरी खूबसूरती साथ मिलकर ऐसे स्टेटमेंट आभूषण बनाते हैं जो आप ही की तरह अनोखे हैं। लेयर स्टैकेबल रिंग्स पसंद हो या मैग्नेटिक बैंगल्स को अलग-अलग स्टाइल में पहनना पसंद हो, आप जब भी इन आभूषणों को पहनेंगी, तब-तब डिस्को फ्लोर की चमक-दमक को महसूस करेंगी। डिस्को बॉल्स और स्ट्रोब लाइट्स से प्रेरित होकर बनाए गए चमकीले नेकलेस और इयररिंग्स पार्टी के बाद की रातों की याद दिलाते हैं, जिन्हें भूल पाना नामुमकिन है। 70 के दशक के डिस्को डान्स फ्लोर की चमक और ग्लैमर से प्रेरित होकर रिफ्लेक्टिव सरफेस और नज़र को खींच लेने वाले टेक्चर्स का आकर्षक उपयोग इस कलेक्शन को औरों से अनूठा बनाता है। सबसे प्रमुख आभूषणों में डिस्को-प्रेरित मोटिफ और फ्रिंजेस से सजाए गए, स्टेटमेंट डैंग्लर्स हैं। इन्हें लेयर में पहनें या सोलो, त्योहारों के हर आउटफिट को बेहद आकर्षक बना देंगे। शानदार डिज़ाइन और मॉड्यूलर वर्सटैलिटी के साथ यह कलेक्शन आपके ज्वेलरी बॉक्स में नयी चमक जोड़ेगा, साथ ही फेस्टिव गिफ्टिंग के लिए भी यह बेहतरीन है, प्यार और सराहना के प्रतीक बनकर यह आभूषणों जीवन को जगमगा देंगे। लॉन्च के अवसर पर, मिआ बाए तनिष्क की बिज़नेस हेड, सुश्री श्यामला रमणन ने कहा, हमें गर्व है कि मिआ में हम ग्लोबल फैशन ट्रेंड्स से प्रेरणा लेते हैं और इस फेस्टिव सीज़न के लिए हमारा कलेक्शन डिस्को की चमक और ऊर्जा लेकर आया है। चमकीले, शानदार, आकर्षक कपड़ें और बिना

## मीडियाटेक ने आईएमसी 2024 में जेनरेटिव एआई टेक्नोलॉजी को गति देने के लिए एआई से लैस चिपसेट्स के लिए रूपरेखा तैयार की

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रति वर्ष दो अरब से अधिक कनेक्टेड एज डिवाइस को ताकत प्रदान कर रही विश्व की अग्रणी फैबलेस सेमीकंडक्टर कंपनी मीडियाटेक ने इंडिया मोबाइल कांग्रेस (आईएमसी) 2024 में किफायती और एआई से लैस चिपसेट्स को लेकर अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। मीडियाटेक एआई की वास्तविक संभावना का दोहन करने के लिए अत्यधिक एकीकृत और प्रभावी सिस्टम-ऑन-चिप उत्पाद उपलब्ध कराने पर काम कर रही है। इसमें स्मार्टफोन, लैपटॉप, स्मार्ट होम्स, कारोबार और स्मार्ट वाहनों में इंटेलिजेंट आईओटी सहित सभी उत्पादों की रेंज में समग्र सॉफ्टवेयर टूल्स के साथ मेल खाती एज-एआई हार्डवेयर प्रोसेसिंग का एक इकोसिस्टम निर्माण शामिल है।




मीडियाटेक इंडिया के प्रबंध निदेशक श्री अंकु जैन ने कहा, मीडियाटेक जेनरेटिव एआई एप्लीकेशंस और टेक्नोलॉजीज को अपनाने की दिशा में आगे बढ़ने की अनूठी स्थिति में है। हाल ही में लांच मीडियाटेक डायमेन्सिटी 9400, 80 प्रतिशत तेज एलएलएम त्वरित निष्पादन के साथ हमारे मिशन को निरंतर आगे बढ़ा रहा है और डेवलपर्स के लिए विश्व का पहला एजेंटिक एआई इंजन तैयार है जो यूजर्स की जरूरतों का स्वतः ही अनुमान लगाता है और कम से कम मानव हस्तक्षेप से उनकी पसंद के मुताबिक खुद को ढाल लेता है।

आईएमसी 2024 में मीडियाटेक ने एआई इनहैंस्ड प्रोसेसिंगः दि फ्यूचर ऑफ चिपसेट्स विषय को लेकर परिचर्चा की जिसमें एआई की ताकत वाले चिपसेट्स की परिवर्तनकारी संभावना के साथ एआई उन्नति और चिपसेट नवप्रवर्तन को रेखांकित किया गया। वहीं अन्य परिचर्चा गैजेट्स दैट शेप दि फ्यूचरः इनसाइट एंड इन्नोवेशंस के दौरान मीडियाटेक की ओर से कारोबार की गतिशीलता और चार प्रमुख वर्गों- हैंडसेट, वियरेबल्स, लैपटॉप और एआर/वीआर गेमिंग डिवाइस में उपयोग के रुख पर ध्यान केंद्रित करते हुए तेजी से उभर रहे परिदृश्य को खंगाला गया।

## सुदर्शन फार्मा इंडस्ट्रीज लिमिटेड के बोर्ड ने ईश्वरी हेल्थकेयर में 51 प्रतिशत हिस्सेदारी के अधिग्रहण को दी मंजूरी

**मुंबई, एजेंसी।** सुदर्शन फार्मा इंडस्ट्रीज लिमिटेड जो रसायन और फार्मास्युटिकल व्यवसाय में अग्रणी नाम है, ने घोषणा की है कि उसके बोर्ड ने ईश्वरी हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड के 2,09,100 इक्विटी शेयरों (जो कंपनी की चुकता इक्विटी पूंजी का 51 प्रतिशत है) के अधिग्रहण को मंज़ूरी दी है। इस अधिग्रहण के पूरा होने पर, ईश्वरी हेल्थकेयर सुदर्शन फार्मा इंडस्ट्रीज लिमिटेड की सहायक कंपनी बन जाएगी। ईश्वरी हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड एक प्रगतिशील और नवाचारी कंपनी है, जो विश्व बाजार में उच्च गुणवत्ता वाली सेवाएं, उपयोग में आसान और आधुनिक तकनीक से बने स्वास्थ्य देखभाल उत्पाद और उपकरण अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप प्रतिस्पर्धी कीमतों पर प्रदान करती है। यह कंपनी नवीनता और रचनात्मकता के साथ तकनीक का सर्वोत्तम उपयोग कर, वैश्विक ग्राहकों की जरूरतों को और भी प्रभावी और कुशल तरीके से पूरा करती है।

इससे पहले, कंपनी ने घोषणा की थी कि उसके बोर्ड ने कंपनी के इक्विटी शेयरों के उप-विभाजन/स्प्लिट के प्रस्ताव को मंजूरी दी है, यानी 1 शेयर को 10 शेयरों में विभाजित किया जाएगा, जो शेयरधारकों और अन्य अनुमतियों के अधीन होगा।

हाल ही में, कंपनी ने एक नई सहायक कंपनी सुदर्शन मावेन फार्मा प्राइवेट लिमिटेड का गठन किया है। इस सहायक कंपनी का मुख्य उद्देश्य सभी प्रकार के फार्मास्युटिकल्स, हेल्थकेयर, आयुर्वेदिक और डायटरी सप्लीमेंट उत्पादों का निर्माण, विकास, प्रक्रिया, आयात और निर्यात करना है।

सुदर्शन फार्मा इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने रसायन और फार्मास्युटिकल उद्योगों में एक प्रमुख नाम के रूप में अपनी पहचान बनाई है। कंपनी के प्रवर्तक श्री हेमल वी. मेहता और श्री सचिन वी. मेहता, जिनके पास 25 से अधिक वर्षों का उद्योग अनुभव है, के नेतृत्व में, सुदर्शन फार्मा इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने विशेष रसायनों और बल्क ड्रग्स के क्षेत्र में एक मजबूत नींव स्थापित की है। कंपनी की एकीकृत रासायनिक और फार्मास्युटिकल कंपनी बनाने की दृष्टि ने इसके विकास को प्रेरित किया है और इसे विश्वसनीयता और नवाचार के लिए जाना जाता है। सुदर्शन फार्मा इंडस्ट्रीज लिमिटेड फार्मास्युटिकल्स, पेंट्स, खाद्य उत्पादों, और चिपकने वाले जैसे विभिन्न क्षेत्रों में काम करती है, जिसमें विशेष रसायनों और इंटरमीडिएट्स पर विशेष ध्यान दिया जाता है। कंपनी ने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी उपस्थिति का विस्तार किया है, और यूके, ऑस्ट्रेलिया, उज्बेकिस्तान, सीरिया, ओमान, ताइवान और मेना क्षेत्र में अपने उत्पादों का निर्यात करती है।

## छतरपुर जिले में बचपन मनाओ का जश्न, प्रारंभिक बाल शिक्षा पर जोर

**छतरपुर ।** मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले ने पहली बार एक ऐसा आयोजन किया जिसमें 500 से ज़्यादा आंगनवाड़ियों और उनके सहयोगी गांवों और समुदाय के सदस्यों ने अपने सबसे छोटे बच्चों के लिए जश्न मनाया। पिछले 3 सालों में, महिला और बाल विकास विभाग के जिला विभाग ने जिलाधिकारी श्री पार्थ जयसवाल के नेतृत्व में एवं डी.पी.ओ. श्री राजीव सिंह के कुशल मार्गदर्शन से अपनी आंगनवाड़ियों में बेहतरीन गुणवत्ता वाली प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा सुनिश्चित करने में प्रगति की है। उन्होंने आनगंवादियों के ढांचे, पाठ्यक्रम, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायकों के प्रशिक्षण में सुधार के लिए कई कदम उठाए हैं और साथ ही साथ माता-पिता को खेल के माध्यम से सीखने की गतिविधियों में शामिल करने के लिए कार्यक्रम भी शुरू किए हैं। छतरपुर प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा की बेहतरी के लिए की एजुकेशन फाउंडेशन के साथ तकनीकी भागीदार है। आज, हम इन सभी प्रयासों की परिणति देख रहे हैं, न केवल आंगनवाड़ियों द्वारा बल्कि बड़े पैमाने पर समुदायों द्वारा सीखने और खेलने का जश्न मनाया जा रहा है। जिला अधिकारी, माता-पिता, दादा-दादी और अन्य सभी लोग खेलने, सीखने और बचपन के शुरुआती वर्षों के महत्व को पहचानने के लिए आंगनवाड़ियों में आए। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने पूरे सप्ताह यह सुनिश्चित किया कि परिवार आंगनवाड़ी गतिविधियों का अनुभव बच्चों की तरह कर सकें। आंगनवाड़ियों ने बच्चों और परिवारों को एक साथ खेलते, गतिविधियाँ करते, खेलों में भाग लेते, बच्चों के काम का प्रदर्शन देखते और सबसे महत्वपूर्ण बात एक साथ मौज-मस्ती करते देखा।

## सेलेकोर गैजेट्स लिमिटेड ने फाइनेंशियल ईयर 25 की पहली छमाही के लिए अब तक की सबसे शानदार आय की रिपोर्ट दी

**मुंबई, एजेंसी।** सेलेकोर गैजेट्स लिमिटेड , भारत के सबसे तेजी से बढ़ते कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड्स में से एक है, जो इनोवेटिव, हाई-क्वॉलिटी और पैसे की वैल्यू वाले प्रोडक्ट्स देता है। उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स को सभी के लिए सुलभ बनाने की दृष्टि से स्थापित, सेलेकोर एक डाइवर्स प्रोडक्ट पोर्टफोलियो प्रदान करता है जिसमें स्मार्ट टीवी, स्मार्ट गैजेट्स, मोबाइल फोन तथा होम और किचन एप्लायंसेस शामिल हैं। पिछले कुछ वर्षों में, इसने वॉशिंग मशीन, किचन एप्लायंसेस और स्मार्ट वियरेबल्स जैसे सेग्मेंट्स में विस्तार किया है, जिससे सभी प्रोडक्ट कैटेगरीज़ में इसकी उपस्थिति मज़बूत हुई है।

सेलेकोर ने उल्लेखनीय फाइनेंशियल ग्रोथ प्राप्त की है। फाइनेंशियल ईयर 25 की पहली छमाही के लिए, कंपनी ने फाइनेंशियल ईयर 24 की समान अवधि की तुलना में महत्वपूर्ण वृद्धि दर्ज की। वित्त वर्ष 24 की पहली छमाही में 209.66 करोड़ रुपये की तुलना में कुल रेवेन्यू 103.05 प्रतिशत बढ़कर 425.71 करोड़ रुपये हो गया। एबिटा 98.67 प्रतिशत बढ़कर 25.31 करोड़ रुपए हो गया, जो 12.74 करोड़ रुपए था, जबकि शुद्ध लाभ 108.26 प्रतिशत बढ़कर 14.62 करोड़ रुपए हो गया, जबकि पिछले साल की समान अवधि में यह 7.02 करोड़ रुपए था। आधे-आधे की तुलना में, कंपनी ने फाइनेंशियल ईयर 25 की पहली छमाही बनाम फाइनेंशियल ईयर 24 की दूसरी छमाही में भी मज़बूत प्रदर्शन दिया। वित्त वर्ष 24 की दूसरी छमाही में 290.80 करोड़ रुपये की तुलना में कुल राजस्व 46.39 प्रतिशत बढ़कर 425.71 करोड़ रुपये हो गया। एबिटा 49.67 प्रतिशत बढ़कर 25.31 करोड़ रुपए हो गया, जो पहले 16.91 करोड़ रुपए था और शुद्ध लाभ 61.19 प्रतिशत बढ़कर 14.62 करोड़ रुपए हो गया, जबकि वित्त वर्ष 24 की दूसरी छमाही में यह 9.07 करोड़ रुपए था इनोवेशन और ग्राहक संतुष्टि के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता मिक्सर ग्राइंडर, साउंडबार और वॉशिंग मशीन जैसे नए उत्पादों की शुरूआत में स्पष्ट है, जिससे बिक्री में काफी वृद्धि हुई है।

## कैमरन ग्रीन की अनुपस्थिति से ऑस्ट्रेलिया की गेंदबाजी के समीकरण बदल जाएंगे : स्टार्क

**सिडनी (एजेंसी)।** स्टार तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क का मानना है कि ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन की अनुपस्थिति से भारत के खिलाफ होने वाले पांच टेस्ट मैचों की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलिया की गेंदबाजी के समीकरण बदल जाएंगे और इससे स्पिनर नाथन लियोन का कार्यभार बढ़ सकता है।




ग्रीन अपनी पीठ संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए सर्जरी कराएंगे जिसके कारण वह कम से कम छह महीने तक खेल से दूर रहेंगे। ऑस्ट्रेलिया के पास मिशेल मार्श के रूप में एक और ऑलराउंडर है लेकिन स्टार्क का मानना है कि ग्रीन की अनुपस्थिति से ऑस्ट्रेलिया का संयोजन प्रभावित होगा।

स्टार्क ने कहा, 'जब आपको कैमरन ग्रीन जैसे ऑलराउंडर की सेवाएं नहीं मिलती हैं या जब बेन स्टोक्स इंग्लैंड की टीम में नहीं होते हैं तो इससे समीकरण बदल जाते हैं। जब आपके पास वह अदद ऑलराउंडर होता है जो कुछ समय से टीम का हिस्सा रहा हो। उसके बाहर होने से आप गेंदबाजी में नए विकल्पों की तलाश में जुट जाते हैं। स्टार्क ने कहा, 'मैं नहीं जानता कि हमारा गेंदबाजी संयोजन कैसा होगा। मिच (मार्श) की गेंदबाजी को लेकर भी काफी चर्चा हो रही है। इस तेज गेंदबाज ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया इससे पहले भी इस तरह की परिस्थितियों से गुजर चुका है। उन्होंने कहा, 'यह हमारे लिए नया मुद्दा नहीं है। हमने अतीत में भी ऐसी श्रृंखलाएं खेली हैं जब हमारे पास कोई ऑलराउंडर नहीं था। हमें अपना कार्यभार बढ़ाना पड़ सकता है और गाज (नाथन लियोन) को शायद कुछ अतिरिक्त गेंदबाजी भी करनी होगी।

## जेवियर बार्टलेट को चोट के बाद पाकिस्तान के खिलाफ टी20 मैच में वापसी की उम्मीद

**एडिलेड (एजेंसी)।** उभरते तेज गेंदबाज जेवियर बार्टलेट इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड दौरे पर साइड स्ट्रेन के बाद ऑस्ट्रेलिया के लिए अंतरराष्ट्रीय वापसी की उम्मीद कर रहे हैं। 25 वर्षीय जेवियर पूरी तरह से फिट होने



के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं और अपने बढ़ते अंतरराष्ट्रीय कैप की संख्या में इजाफा करना चाहते हैं।

सितंबर में इंग्लैंड के खिलाफ पहले टी20 मैच के दौरान बार्टलेट को साइड स्ट्रेन की समस्या हुई थी, जब वह इंग्लैंड की धरती पर अपने पहले अंतराष्ट्रीय मैच के 3.4 ओवर खेल रहे थे। चोट के कारण वह टी20 सीरीज के बाकी मैच और उसके बाद पांच मैचों की वनडे सीरीज से बाहर हो गए। बार्टलेट के लिए यह निराशाजनक क्षण था, जिन्होंने फरवरी में वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे में लगातार 4 विकेट चटकाए थे। चोट और उसके ठीक होने के बारे में बताते हुए बार्टलेट ने कहा, मुझे उस साइड स्ट्रेन से उबरने में लगभग 5 सप्ताह हो गए हैं। मैं अब पूरी तरह से तैयार हूं, इसलिए यह वास्तव में आकार लेने लगा है। मैंने पहले कभी ऐसा नहीं किया है... यह वास्तव में निराशाजनक था।

### भारत-न्यूजीलैंड पहला टेस्ट

# दिन की अंतिम गेंद पर आउट हुए कोहली

**तूफानी अंदाज में ठोकी फिफ्टी**

- विराट के 9 हजार रन पूरे, टीम का स्कोर 3 विकेट खोकर 231 पर तीसरा दिन खत्म
- कीवियों ने पहली पारी में 402 रन बनाए
- बदकिस्मत अंदाज में बोल्ड हुए रोहित शर्मा, सिर पर हाथ रखकर क्रीज पर खड़े ही रह गए

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड की टीम भारत के खिलाफ बेंगलुरु टेस्ट की पहली पारी में 402 रन पर ऑलआउट हो गई है। टीम ने 356 रन की बढ़त हासिल की। विराट के 9 हजार रन पूरे हो गए थे।

भारतीय टीम ने दूसरी पारी में 3 विकेट के नुकसान पर 231 रन बना लिए थे। विराट कोहली और सरफराज खान ने शानदार 50 रन बनाए। दोनों खिलाड़ी शतक के करीब पहुँचने वाले थे। दोनों अपनी-अपनी फिफ्टी पूरी कर चुके थे। कोहली और सरफराज दोनों के बीच शतकीय साझेदारी पूरी हो चुकी थी। रोहित शर्मा 52 और यशस्वी जायसवाल 35 रन बनाकर आउट हुए। दोनों विकेट एजाज पटेल ने लिए।



पहली पारी में सिर्फ दो रन पर आउट होने वाले रोहित शर्मा दूसरी पारी में बेहतरीन लय में नजर आ रहे थे। रोहित शर्मा उसी अंदाज में बल्लेबाजी कर रहे थे, जैसे एक टीम को अपने कप्तान से उम्मीद होती है। तीसरे दिन के आखिरी सेशन में रोहित शर्मा खतरनाक नजर आ रहे थे। 21वें ओवर में तो उन्होंने मैट हेनरी को रिमांड में लेते हुए लगातार चौका, छक्का और फिर चौका जड़कर अपना अर्धशतक पूरा किया, लेकिन फिर अगले ही ओवर में बदकिस्मती से क्लीन बोल्ड हो गए।

### घूमती-उछलती गेंद स्टंप में घुस गई

दरअसल, स्पिनर एजाज पटेल की पांचवीं गेंद को फ्रंटफुट पर डिफेंस करने के बाद उछलती हुई गेंद उनके स्टंप पर जा लगी। रोहित शर्मा को भी यकीन नहीं हुआ कि उनके साथ क्या हो गया। अपनी किस्मत पर अफसोस जताते हुए वह सिर पर हाथ रखकर क्रीज पर खड़े हो गए। हिटमैन ने 63 गेंद में 52 रन बनाए। इस तरह भारत को 95 रन पर दूसरा और सबसे बड़ा झटका लगा। गेंद को वापस स्टंप की ओर लुढ़कते देखते हुए रोहित चपलता से उसे किक भी मार सकते थे।



### न्यूजीलैंड की पहली पारी में 402 रन

इससे पहले न्यूजीलैंड ने तीसरे दिन शुक्रवार को अपनी पहली पारी में 402 रन बनाकर 356 रन की बड़ी बढ़त हासिल की थी। न्यूजीलैंड के लिए रचिन रविंद्र ने 134 जबकि टिम साउदी ने 65 रन का योगदान दिया। दोनों ने आठवें विकेट के लिए 132 गेंद में 137 रन की आक्रामक साझेदारी से मैच पर टीम का दबदबा बनाया। भारत के लिए रविंद्र जडेजा और कुलदीप यादव ने तीन-तीन विकेट लिए। भारत की पहली पारी गुरुवार को महज 46 रन पर सिमट गई थी।

## रोहित ने पहली पारी में बनाए थे सिर्फ दो रन

पहली पारी में 16 गेंद में दो रन बनाकर आउट होने वाले रोहित शर्मा ने दूसरी पारी में आठ चौके और एक छक्का मारा। चाय के ठीक बाद, भारत ने यशस्वी जयसवाल को खो दिया, जिन्होंने रोहित के साथ 72 रन की मजबूत साझेदारी की थी। रोहित की 59 गेंदों में अर्धशतकीय पारी भारत के लिए उम्मीद की किरण थी। सरफराज खान के नंबर तीन पर आने से विराट कोहली अपनी पुरानी पोजिशन चौथे नंबर पर आ गए। भारत की पारी को फिर से बनाने और मैच बचाने का दारोमदार अब कोहली के कंधों पर होगा। टीम इंडिया के लिए सरफराज खान करियर के चौथे टेस्ट मैच में मैदान पर उतरे थे। इस तरह सरफराज खान ने चार टेस्ट मैच में चार फिफ्टी ठोक दी है। अपनी अर्धशतकीय पारी के दौरान सरफराज ने वनडे के अंदाज में 6 चौका और 3 छक्के भी उड़ाए। रोहित शर्मा के आउट होने के बाद बल्लेबाजी के लिए मैदान पर सरफराज खान ने क्रीज पर आते ही धूम धड़ाका करना शुरू कर दिया।

# नोमान अली का कहर, पाकिस्तान ने दूसरे टेस्ट में इंग्लैंड को 152 रन से हराया

**मुल्तान (एजेंसी)।** बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद नोमान अली (आठ विकेट) की घातक गेंदबाजी की बदौलत पाकिस्तान ने दूसरे टेस्ट मैच में इंग्लैंड को 152 रन से हरा दिया है। इसी के साथ पाकिस्तान ने तीन मैचों की सीरीज 1-1 से बराबरी कर ली। पाकिस्तान ने गुरुवार को दूसरी पारी में आगा सलमान के (63) अर्द्धशतक की मदद से 221 रन बनाकर इंग्लैंड़ को जीत के लिए 297 रनों का लक्ष्य दिया था। दूसरी पारी में 36 रन पर दो विकेट खोकर संकट से जूझ रही इंग्लैंड को आज नोमान अली ने 144 पर ढ़ेकर पाकिस्तान को 152 रन से जीत दिला दी।



आज सुबह के सत्र में एन अली ने जो रूट (18) को आउट इंग्लैंड को चौथा झटका दिया। इसके बाद 20वें ओवर में अली ने हैरी ब्रूक (16) को भी पवेलियन भेज दिया। जेम्स स्मिथ (6), कप्तान बेन स्टोक्स (37), बाइडन कार्स (27), जैक लीच (एक) और शोएब बशीर (शून्य) को भी एन अली ने अपना शिकार बनाया। पाकिस्तान ने इंग्लैंड की पूरी टीम को 33.3 ओवर में 144 रन पर समेट दिया। पाकिस्तान की ओर से नोमान अली ने 16.3 ओवर में 46 रन देकर आठ विकेट लिये। साजिद खान को दो विकेट मिले।

इससे पहले पाकिस्तान ने कामरान (118) रनों की शतकीय और सईम अयूब (77) रनों की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत पहली पारी में 366 का स्कोर खड़ा किया। जिसके जवाब में इंग्लैंड के बेन डकेट (114) शतकीय पारी खेली। शेष कोई बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सका और इंग्लैंड की पारी 67.2 ओवर में 291 रन पर सिमट गई। इसके बाद पाकिस्तान दूसरी पारी मे 221 रन ही बना सका हालांकि उसे पहली पारी के आधार पर 75 रनों की बढ़त मिली थी और उसने इंग्लैंड को जीत के लिए 297 रनों का लक्ष्य दिया।

## ऋषभ पंत के बाद यशस्वी जायसवाल भी बेंगलुरु टेस्ट में चोटिल

**बेंगलूर (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड के खिलाफ बेंगलुरु में पहले टेस्ट में गुरुवार को विकेटकीपिंग करते समय घुटने में चोट लगने के कारण ऋषभ पंत को मैदान से बाहर जाना पड़ा और शुक्रवार को तेज कैच लेने के दौरान यशस्वी जायसवाल के अंगूठे में चोट लगने के बाद भारत की चिंता बढ़ गई। मैच के तीसरे दिन मोहम्मद सिराज के गेंदबाजी करते समय खड़े जायसवाल को डेरिल मिशेल के बल्ले से एक किनारा लगा जो भारतीय सलामी बल्लेबाज की तरफ गया। उन्होंने तुरंत मुंह बनाया और हाथ हिलाया, फिर उन्हें चिकित्सा के लिए मैदान से बाहर ले जाया गया।



जायसवाल की जगह अक्षर पटेल को मैदान में उतारा गया। हालांकि बाद में जायसवाल अपने बाएं अंगूठे पर भारी टेप लगाकर मैदान पर लौटे, जिससे भारत की चिंता कम हुई। इससे पहले शुक्रवार को खेल शुरू होने से पहले बीसीसीआई ने घोषणा की कि पंत अपनी चोट के बढ़ने के किसी भी जोखिम से बचने के लिए मैदान से बाहर रहेंगे, जो दिसंबर 2022 में कार दुर्घटना के बाद उनके घुटने का ऑपरेशन किया गया था।

## निशानेबाजी विश्व कप फाइनल में विवान को रजत, नरूका को कांस्य पदक

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अनंतजीत सिंह नरूका के पुरुष स्कीट में कांस्य पदक के बाद विवान कपूर ने पुरुष ट्रैप स्पर्धा में रजत पदक जीता जिससे बृहस्पतिवार को यहां आईएसएसएफ विश्व कप निशानेबाजी फाइनल में भारत के पदकों की संख्या चार हो गई।

विवान ने फाइनल में 44 का स्कोर बनाया और वह चीन के स्वर्ण पदक विजेता यिंग की से पीछे रहे। तुर्की के टोल्गा एन टुंसर ने 35 के स्कोर से कांस्य पदक जीता।




विवान ने क्वालीफिकेशन दौर में 125 में से 120 अंक जुटाकर छह निशानेबाजों के फाइनल में जगह बनाई थी। इससे पहले राजस्थान के 26 वर्षीय नरूका ने छह निशानेबाजों के फाइनल में 43 के स्कोर के साथ तीसरा स्थान हासिल किया।

## शाकिब अल हसन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन, विदाई टेस्ट में खेलने पर बना सस्पेंस

**ढाका (एजेंसी)।** शाकिब अल हसन ने कहा है कि ढाका में उनके खिलाफ विरोध प्रदर्शनों के कारण वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी पहले टेस्ट के स्थल की यात्रा करने की संभावना नहीं रखते हैं। शाकिब को पहले टेस्ट के लिए बांग्लादेश की टीम में शामिल किया गया था, जो इस प्रारूप में उनका अंतिम प्रदर्शन होने वाला था। शाकिब ने व्हाट्सएप के माध्यम से एक वेबसाइट से बातचीत में कहा, %मुझे नहीं पता कि मैं आगे कहां जा रहा हूं, लेकिन यह लगभग तय है कि मैं घर नहीं जा रहा हूं।



शाकिब ने पहले बांग्लादेश आने पर अपनी सुरक्षा के बारे में चिंता व्यक्त की थी, क्योंकि 5 अगस्त से अवामी लीग के नेताओं की गिरफ्तारी की गई है, जिस दिन उनकी सरकार ने 15 साल बाद सत्ता से इस्तीफा दे दिया था। शाकिब अपने गृहनगर मगुरा से संसद सदस्य थे। वह अशांति के दौरान कथित हत्या के लिए एफआईआर में नामित 147 लोगों में से एक थे। हालांकि मुख्य चयनकर्ता गाजी अशरफ हुसैन के अनुसार शाकिब पहले टेस्ट के लिए बांग्लादेश की टीम में बने हुए हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें शाकिब के बारे में बीसीबी से कोई और निर्देश नहीं मिले हैं। बुधवार को टीम की घोषणा करते समय चयनकर्ता हन्नान सरकार ने कहा कि उन्होंने शाकिब को अधिकारियों से ग्रीन सिग्नल मिलने के बाद चुना है।

अशरफ ने कहा, हमें बीसीबी या क्रिकेट संचालन समिति से कोई और निर्देश नहीं मिले हैं। फिलहाल यह रुका हुआ है। वह दुबई में ट्रांजिट में है। शाकिब को बांग्लादेश में सुरक्षित मार्ग का आश्वासन दिया गया था, बुधवार शाम से छात्रों ने उनके आगमन का विरोध करना शुरू कर दिया। खुद को मीरपुर छात्रो जनता के रूप में पहचानने वाले एक समूह ने बीसीबी को सूचित किया कि वे स्टेडियम में शाकिब की उपस्थिति का विरोध करेंगे। बुधवार शाम को देर से शाकिब को कथित तौर पर दुबई में इंतजार करने के लिए कहा गया, जहां वह न्यूयॉर्क से ट्रांजिट कर रहे थे। हालांकि शाकिब की फ्लाइट गुरुवार शाम को है, लेकिन उनके ढाका आने की संभावना नहीं है।

इस बीच मुख्य सलाहकार के उप प्रेस सचिव आजाद मजूमदार ने कहा कि देश लौटने का फैसला शाकिब पर निर्भर है। मजूमदार ने कहा, शाकिब कभी भी बांग्लादेश लौट सकते हैं।

# चलाओ तलवार -प्रेस कॉन्फ्रेंस में आते ही पत्रकारों से बोले रोहित शर्मा

**बेंगलूर (एजेंसी)।** भारत के कप्तान रोहित शर्मा गुरुवार को बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला के पहले टेस्ट के दूसरे दिन के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस के लिए आए तो उन्होंने कहा- चलाओ तलवार (अपने चाकू बाहर निकालो)।

दरअसल , भारतीय टीम पहली पारी में महज 46 रन ही बना पाई है। यह घरेलू मैदान पर भारत का अब तक का सबसे कम और इतिहास में तीसरा सबसे कम स्कोर है। रोहित दिन का खेल समाप्त होने के बाद जब प्रेस कांफ्रेंस में आए तो उन्हें पता था कि बहुत सारे सवाल तैयार होंगे। माहौल हल्का करने के लिए उन्होंने आते ही चलाओ तलवार बोल दिया। इस पर कांफ्रेंस में आए सभी पत्रकार हंस दिए।

बहरहाल, टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने




के फैसले पर रोहित ने कहा कि हमने सोचा कि पहले सत्र के बाद इससे सीमरों को ज्यादा मदद नहीं मिलेगी। वहां ज्यादा घास भी नहीं थी। हमें उम्मीद थी कि यह जितना निकला, उससे कहीं अधिक सपाट होगा। यह मेरी ओर से गलत निर्णय था और मैं पिच को ठीक से नहीं पढ़ सका। एक कप्तान के तौर पर 46 का यह स्कोर देखकर मुझे दुख हो रहा है क्योंकि यह पहले बल्लेबाजी करने का मेरा फैसला था। लेकिन साल में एक या दो बार ऐसे खराब कॉल आ जाती है। ऐसी पिच पर जहां सीमर्स के लिए सहायता थी और अब जब हम 46 रन पर आउट हो गए, तो आप कह सकते हैं कि शॉट चयन अच्छा नहीं था। यह एक बुरा दिन था। कभी-कभी आप कुछ करने की योजना बनाते हैं लेकिन उस पर अमल करने में असफल हो जाते हैं।

### पंत की चोट पर

ऋषभ पंत की चोट पर कप्तान रोहित ने कहा कि ऋषभ को बाएं घुटने पर चोट लगी है, जिसकी सर्जरी हुई थी। इसलिए उन्होंने एहतियात के तौर पर मैदान छोड़ दिया। उम्मीद है कि हम उन्हें कल मैदान पर वापस देख पाएंगे।

### विराट का बचाव किया

रोहित ने विराट कोहली को ऊपरी क्रम में भेजने के अपने फैसले का भी समर्थन किया और कहा कि स्टार बल्लेबाज शुभमन गिल की अनुपस्थिति में यह काम करने को तैयार था। लेकिन आज ऐसा

### क्षेत्ररक्षकों के लिए बुरा दिन

यह किसी भी टीम के साथ हो सकता है - एक बुरा दिन। आप लोगों के लिए भी ऑफिस में बुरे दिन आते हैं, है ना? पिछले दो टेस्ट मैचों में हमने अच्छे कैच पकड़े हैं। ऐसा होता है। यह एक खेल है और हर कोई अच्छा प्रदर्शन करना चाहता है।

### साल में एक या 2 खराब फैसले चलते हैं-

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने स्वीकार किया कि न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के दूसरे दिन टीम को 46 रन के न्यूनतम स्कोर पर सिमटते देखकर वह 'दुखी' हैं । बारिश के कारण पहले दिन का खेल रद्द होने के बाद दूसरे दिन रोहित ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया। भारत की पारी 31.2 ओवर में सिमट गई और पांच बल्लेबाज खाता भी नहीं खोल सके। रोहित ने दूसरे दिन के खेल के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि बतौर कप्तान 46 रन का स्कोर देखकर दुखी हूं क्योंकि पहले बल्लेबाजी का फैसला मेरा था। लेकिन साल में एक या 2 खराब फैसले चलते हैं। इससे पहले भारत में टीम का न्यूनतम टेस्ट स्कोर 75 रन था जो 1987 में वेस्टइंडीज के खिलाफ दिल्ली में बनाया था।





# दूध की धार रहेगी बरकरार

## तनाव/नमी के कारण

यह मुख्य रूप से तीन कारणों-तापमान, नमी एवं हवा की गति से उत्पन्न होता है। इन सभी कारणों में पर्यावरण दबाव का प्रमुख कारण तापमान है। अधिकांश परिस्थितियों में तीनों कारक सम्मिलित रूप से पाये जाते हैं। दुधारू गाय की आरामदायक तापमान की सीमा 5 से 20 डिग्री सेन्टीग्रेट है जो कि गाय की नस्ल, वातावरण में ढलान, उत्पादन, आहार ग्रहण मात्रा पर निर्भर करती है।

## जलग्रहण

तापमान दबाव से पशु की पानी की आवश्यकता 120 से 200 प्रतिशत तक बढ़ जाती है क्योकि ज्यादा पानी पीने से पशु अपनी शरीरिक तापमान, श्वास एवं पसीने द्वारा कम करने का प्रयास करते हैं। सामान्यतः गाय 3 लीटर पानी प्रति कि.ग्रा. शुष्क आहार ग्रहण करती है, जब कि वातावरण का तापमान 5 डिग्री सेन्टीग्रेट से कम होता है। परन्तु जब वातावरण का तापमान अधिक होता है तो पशु 7 लीटर पानी प्रति कि.ग्रा. शुष्क आहार तक पानी देना होता है। अतः पशुओं को स्वच्छ एवं पर्याप्त मात्रा में जल 24 घंटे उपलब्ध करवाना भी जटिल समस्या है।

## आहार ग्रहण

गर्मी एवं अन्य दबावों से रूमन (गौवंशीय पशु के आमाशय का एक भाग) की गतिशीलता एवं पचे हुए आहार की आंत में गति कम हो जाती है, जिससे पशु की भूख घट जाती है।

## पाचन

अनुसंधान द्वारा ज्ञात हुआ है कि गर्मी के कारण आहार के शुष्क तत्वों की पाचनशीलता कम हो जाती है। अतः अत्यधिक वातावरण के तापमान के कारण पशुओं की भूख कम होने के साथ-साथ चारे की गुणवत्ता पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, परिणाम स्वरूप चारे की पाचनशीलता घट जाती है।

## अवशोषण

गर्मी के कारण तनाव से थाईराईड ग्रंथी की गतिशिलता कम हो जाती है जिससे आंतों की गतिशिलता एवं पचे हुए आहार की आंतरिक अंगों में खून का बहाव कम हो जाता है। जिससे पोषकों को अवशोषण आंतों में घट जाता है।

## तापमान एवं नमी का दुग्ध उत्पादन पर प्रभाव

यह देखा गया है कि होल्स्टीन नस्ल की गायों पर जब तापमान 25-26 सेन्टीग्रेट तक होता है तो कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं होता है। परंतु जब तापमान 25 सेन्टीग्रेट से अधिक होने पर उसका कृत्रिम (भौतिक ) रूप से कम तापमान 29 डिग्री सेन्टीग्रेट एवं नमी 40 प्रतिशत होने पर आर्द्रता उत्पादन पर कोई प्रभाव नहीं होता है परन्तु जब 80 प्रतिशत हो जाती है तो 20-40 प्रतिशत तक दुग्ध उत्पादन घट जाता है।

## गर्मी के कारण उत्पन्न तनाव को दूर करने के उपाय

मुख्य रूप से पशु के रखरखाव प्रबंधन एवं पोषण व्यवस्था पर निम्न तीन बिन्दुओं पर ध्यान देने की आवश्यकता होती है।

- भौतिक साधनों के उपयोग से वातावरण के तापमान के कुप्रभाव को रोकना।
- ऐसी नस्ल तैयार करना जो कि गर्मी सहन कर सकें।
- पौष्टिक हरा चारा युक्त संतुलित आहार प्रदाय करना।

प्रचलित पोषण व्यवस्था में निम्नानुसार सुधार कर गर्मी से पशुओं में तनाव को कम किया जा सकता है।

- पशु आहार में अधिक रेशेयुक्त चारे (गेहूं या अन्य भूसे) की मात्रा को कम कर सांद्र पदार्थ, दाना, बाटे, अनाज की मात्रा को बढ़ाना । परन्तु दाने की मात्रा इतनी भी न बढ़ाई जाये की पाचन प्रक्रिया प्रभावित हो। यह पाया गया है कि दाना मिश्रण (सांद्र मिश्रण) में अनाज का प्रतिशत 60 से 65 तक किया जाता है।
- दुधारू गायों को उच्च गुणवत्ता वाला हरा चारा खिलायें। यह पशु शरीर का तापमान को कम करता है एवं आवश्यक मात्रा में रेशा भी प्रदाय करता है।
- पशु आहार में सोयाबीन का छिल्का, खमीरीकृत पदार्थ, शराब फैक्ट्री से प्राप्त अनाज का सहउत्पाद चुकंदर पल्प की पेलेट्स का उपयोग किया जा सकता है।
- पशु आहार में वसा की मात्रा बढ़ाई जा सकती है। साधारणतः दुधारू पशुओं के आहार में 4 प्रतिशत वसा दी जाने की अनुशंसा की जाती है। गर्मी के दुष्प्रभाव को रोकने के लिये वसा का स्तर 6-7 प्रतिशत तक बढ़ा देवें। यह पशु आहार में कुछ मात्रा में तेलयुक्त दाने जैसे सोयाबीन, बिनोले इत्यादि खिलाकर बढ़ा सकते है।
- पशु आहार में प्रोटीन की मात्रा एवं गुणवत्ता वाला प्रोटीन पदाय करना, क्योंकि तापमान के दबाव से भूख की कमी से पशु शरीर में प्रोटीन का स्तर घट जाता हैं। प्रोटीन मुख्य रूप से विभिन्न प्रकार की खलियों से प्राप्त होता है।

# मिर्च लगाएं बगिया में बहार लायें

***पौधशाला (नर्सरी) क्या है? : पौधशाला या रोपणी अथवा नर्सरी एक ऐसा स्थान हैं जहां पर बीज अथवा पौधे के अन्य भागों से नये पौधों को तैयार करने के लिये उचित प्रबंध किया जाता है. पौधशाला का क्षेत्र सीमित होने के कारण देखभाल करना आसान एवं सस्ता होता है***

## पौधशाला के लिये स्थान का चुनाव -

- पौधशाला के समीप बहुत बड़ा वृक्ष न हो.
- भूमि उपजाऊ, दोमट, खरपतवार रहित तथा अच्छे जल निकास वाली हो, अम्लीय/क्षारीय भूमि का चयन न करें.
- लंबे समय तक धूप रहती हो.
- पौधशाला के पास सिंचाई जल की सुविधा उपलब्ध हो.
- चयनित क्षेत्र अपेक्षाकृत ऊंचा हो ताकि पानी न ठहरे.
- एक फसल के पौध उगाने के बाद दूसरी बार पौध उगाने का स्थान बदल दें. यानी फसल चक्र अपनायें.

## रोपणी का आकार

एक आदर्श नर्सरी या रोपणी के लिये कुल क्षेत्र की सीमा निश्चित तौर पर निर्धारित नहीं की जा सकती है. जितनी फसलों के लिये और जितने क्षेत्र की आवश्यकता के लिये पौध तैयार करना होती है उसके ऊपर पौधशाला का आकार/क्षेत्र निर्भर होता है.

## पौधशाला में क्यारियों का आकार

सामान्यतया पौधशाला में क्यारियों का आकार लंबाई में 3 से 5 मी., चौड़ाई में 1.0 से 1.2 मीटर और ऊंचाई में भूमि से 15-20 से.मी. ऊंचा रखा जाता है.प्रत्येक दो क्यारियों के बीच में लंबाई एवं चौड़ाई में दोनों तरफ 50 से.मी. का स्थान आवागमन की सुविधा के लिये छोड़ा जाता है. एक फसल के एक हेक्टर क्षेत्र में आवश्यक पौध की संख्या का निर्धारण, पौध रोपाई का कतार से कतार एवं पौध से पौध का अंतर एवं एक स्थान पर रोपे जाने वाले पौधों की संख्या के ऊपर निर्भर होता है. सामान्यतः मिर्च के लिये रोपण अंतर 45345 से.मी.रखने पर 4 3 1 3 0.2 मी. आकार की 25-27 (100 से 108 वर्ग मी.) क्यारियों की आवश्यकता पड़ती है. उन्नत किस्मों के 1.2 कि.ग्रा. बीज और संकर किस्मों के लिये 400 से 500 ग्राम बीज प्रति हेक्टर की आवश्यकता होती है.

## क्यारियों की तैयारी एवं उपचार

पौधशाला की मिट्टी की एक बार गहरी जुताई करें या फिर फावड़े-गैंती की मदद से खुदाई करें.खुदाई करने के पश्चात् ढेले फोड़कर गुड़ाई करके मिट्टी को भुरभुरी बना लें तथा उगे हुए सभी खरपतवार निकाल दें. फिर उचित आकार की क्यारियां बनायें. इन क्यारियों में प्रति वर्ग मीटर की दर से 2 कि.ग्रा. गोबर या कम्पोस्ट की सड़ी खाद या फिर 500 ग्राम केंचुए की खाद मिट्टी में अच्छी तरह मिलायें. यदि मिट्टी हल्की भारी हो तो प्रति वर्ग मीटर के लिये 2.5 कि.ग्रा. रेत अवश्य मिलायें.

## क्यारी मिट्टी का उपचार

भूमि में विभिन्न प्रकार के कीड़े एवं रोगों के फफूंद, जीवाणु आदि पहले से रहते हैं जो उपयुक्त वातावरण पाकर क्रियाशील हो जाते हैं व आगे चलकर फसल को विभिन्न अवस्थाओं में हानि पहुंचाते हैं. अतः नर्सरी की मिट्टी का उपचार करना आवश्यक है.

## सूर्यताप से उपचार

इस विधि में पौधशाला में क्यारी बनाकर उसकी जुताई-गुड़ाई करके हल्की सिंचाई कर दी जाती है जिससे मिट्टी गीली हो जाये. अब इस मिट्टी को पारदर्शी 200-300 गेज मोटाई की पालीथिन की चादर से ढंककर किनारों को मिट्टी या ईंट से दवा दें ताकि पालीथिन के अंदर बाहरी हवा और अंदर की वाष्प बाहर न निकल सके. ऐसा उपचार लगभग 4-5 सप्ताह तक करें. यह कार्य 15 अप्रैल से 15 जून तक किया जा सकता है. क्योंकि इस समय तापमान 35 डिग्री सेल्सियस से अधिक रहता है.उपचार उपरांत पालीथिन शीट हटाकर भूमि की तैयारी कर बीज बोयें. सूर्यताप उपचार से भूमि जनित रोग कारक जैसे फफूंदी, निमेटोड (सूत्रकृमि), कीट खरपतवार आदि की संख्या में भारी कमी हो जाती है.

कभी-कभी क्यारी की भूमि को व्यावसायिक फार्मेल्डिहाइड 40 प्रतिशत से, 250 मि.ली. 10 लीटर पानी में बने घोल से प्रत्येक क्यारी को गीला कर देते हैं और क्यारी को पहले की ही तरह पालीथिन शीट से ढंक देते हैं. 5-6 दिन बाद शीट हटाकर गुड़ाई करके 1-2 दिन के लिये खुला छोड़ देते हैं. तदुपरांत क्यारी तैयार कर बीज बोते हैं.

## रसायनों द्वारा भूमि उपचार

बीज बोवाई के 4-5 दिन पहले क्यारी को फोरेट 10 जी एक ग्राम अथवा क्लोरोपायरीफास 5 मि.ली. प्रति ली. पानी के हिसाब से अथवा कार्बोफ्यूरान 5 ग्राम प्रति वर्गमीटर के हिसाब से भूमि में मिलाकर उपचार करते हैं. कभी-कभी फफूंदनाशक दवा कैप्टान 2 ग्राम/वर्ग मीटर के हिसाब से मिलाकर भी भूमि उपचार किया जाता है.

## जैविक विधि

क्यारी की भूमि का जैविक विधि से उपचार करने के लिये ट्राइकोडर्मा विरडी की 8-10 ग्राम मात्रा को 10 किलो गोबर खाद में मिलाकर क्यारी में बिखेर देते हैं तत्पश्चात् सिंचाई कर देते हैं. जब भूमि का जैविक विधि से उपचार करें तब अन्य किसी रसायन का प्रयोग न करें. बीज खरीदने में सावधानियां-

- बीज अनुशंसित किस्म का शुद्ध एवं साफ हो. द्य अंकुरण क्षमता 80-85 प्रतिशत हो.
- बीज किसी प्रमाणित संस्था, शासकीय बीज विक्रय केंद्र, अनुसंधान केंद्र अथवा विश्वसनीय विक्रेता से ही लेना चाहिए. बीज प्रमाणिकता का टैग लगा पैकेट खरीदें.
- बीज खरीदते समय पैकेट पर अंकित किस्म, उत्पादन वर्ष, अंकुरण प्रतिशत, बीज उपचारण आदि अवश्य देख लें. ताकि पुराने बीज से बचा जा सके.
- बीज बोते समय ही पैकेट खोलें.

**बीज उपचार** -रोपणी में बीज को सदैव उपचारित करके ही बोना चाहिये ताकि बीज जनित फफूंद से फैलने वाले रोगों को नियंत्रित किया सके. बीज उपचार के लिये 1.5 ग्राम थाइरम+1.5 ग्राम कार्बेन्डाजिम (बाविस्टीन) अथवा 2.5 ग्राम डाइथेन एम-45 या 4 ग्राम ट्राइकोडर्मा विरडी का प्रति किलो बीज के हिसाब से प्रयोग करना चाहिए. यदि क्यारी की भूमि का उपचार जैविक विधि से (ट्राइकोडर्मा) से किया गया है तो बीजोपचार भी ट्राइकोडर्मा विरडी से करें.



**बीज बोने की विधि** -क्यारियों में सर्वप्रथम उसकी चौड़ाई के समानान्तर 7-10 से.मी. की दूरी पर 1 से.मी. गहरी पंक्तियां बना लें तथा इन्हीं पंक्तियों पर बीज लगभग 1 से.मी. के अंतर से बोते हैं. बीज बोने के पश्चात कम्पोस्ट, मिट्टी व रेत के 1:1:1 के 5-6 ग्राम थाइरम या केप्टान से उपचारित मिश्रण से 0.5 से.मी. की ऊंचाई तक ढंक देते हैं.

**क्यारियों को पलवार से ढंकना**- बीज बोने के बाद स्थानीय स्तर पर उपलब्ध पुआल, सरकन्डा गन्ने के सूखे पत्ते या ज्वार-मक्का के बने टटिये से ढंक देते हैं. ताकि मिट्टी में नमी बनी रहे और सिंचाई करने पर पानी सीधे ढंके हुए बीजों पर न पड़े अन्यथा मिश्रण बीज से हट जायेगा और बीज का अंकुरण प्रभावित होगा.

**सिंचाई** - क्यारियों में बीज बोने के बाद 5-6 दिनों तक हजारे/झारे से हल्की सिंचाई करें ताकि बीज ज्यादा पानी पाकर बैठ न जाये. वर्षाऋतु में क्यारी की नालियों में उपस्थित अधिक पानी को पौधशाला से बाहर निकालना चाहिए. क्यारियों से पलवार/घास-फूस तब हटायें जब लगभग 50 प्रतिशत बीजों का अंकुरण हो चुका हो. बीज बुवाई के बाद यह अवस्था मिर्च में 7-8 दिन बाद, टमाटर में 6-7 दिन बाद व बैंगन में 5-6 दिन बाद आती है.

**खरपतवार नियंत्रण**- क्यारियों में उपचार के बाद भी यदि खरपतवार उगते हैं तो उन्हें हाथ से निकालते रहना चाहिए इसके लिये पतली लंबी डंडियों की भी मदद ली जा सकती है. अच्छा होगा यदि पेन्डीमिथालीन (स्टाम्प 34 ) की 3 मि.ली. मात्रा प्रति ली. पानी में घोलकर बीज बुवाई के 48 घंटे की भीतर क्यारियों में छिड़क दें, उससे खरपतवार की समस्या का निदान हो जायेगा.

**पौध विरलन**- यदि क्यारियों में पौधे अधिक घने उग आयें तो उनको 1 से 2 सेमी. की दूरी पर छोड़ते हुए अन्य पौधों को छोटी उम्र में ही उखाड़ देना चाहिए. अन्यथा पौधे का तना पतला व कमजोर बना रहता है. घने पौधे पदगलन रोग लगने की आशंका बढ़ाते हैं. उखाड़े गये पौधे खाली स्थान पर रोपित भी किये जा सकते हैं.

**पौध सुरक्षा**- पौधशाला में रस चूसने वाले कीट जैसे माहू, जैसिड्स सफेद मक्खी एवं थ्रिप्स अप्रत्यक्ष रूप से काफी नुकसान पहुंचाते और विषाणु जन्य बीमारियों को फैलाते हैं अतः इनके नियंत्रण हेतु नीम तेल 5 मि.ली. एक ली. पानी में अथवा डायमिथियेट (रोगोर) 2 मि.ली./ली. पानी में घोलकर बुवाई के 8-10 दिन और 25-27 दिन बाद छिड़कना चाहिए.

क्यारी और बीज उपचार करने के बाद भी यदि पदगलन (डेम्पिंग आफ) बीमारी लगती है जिसमें पौधे जमीन की सतह से गलकर जमीन पर गिरने लगते हैं और सूख जाते हैं तब फसल पर मैंकोजेब (डाइथेन एम-45) अथवा कैप्टान 2.5 ग्राम/ली. पानी में बने घोल का छिड़काव करें.

कभी-कभी बीजों को अंकुरण के उपरांत बुवाई के एक सप्ताह बाद 40 मेश के नायलोन के नेट से एक क्यारी को ढंककर पौध उगायी जाती है जिससे विषाणु रहित स्वस्थ पौध तैयार होती है. नायलोन नेट पलवार हटाने के बाद ढंकी जाती है. इन नेट के अंदर रस चूसने वाले कीट नहीं प्रवेश कर पाते हैं.

**पौध को कठोर बनाना**- पौधों को पौधशाला से निकालने के पूर्व खेत की विषम और विपरीत परिस्थितियों में जीने हेतु तैयार करने के उद्देश्य से उन्हें कठोर प्रतिरोधी बनाया जाता है. इसके लिये उन्हें पौधशाला से निकालने के 4-5 दिन पूर्व सिंचाई जल देना कम कर दिया जाता है अथवा रोक दिया जाता है.

**पौधों को उखाड़ना** - क्यारी में तैयार पौधे जब 25-30 दिन उम्र के हो जायें, उनकी ऊंचाई 10-12 से.मी. हो जायें और उनमें 5-6 पत्तियां आ जायें तब पौधशाला से खेत में रोपण के लिए निकालना चाहिए. पौध निकालने के पूर्व उनकी हल्की सिंचाई कर देनी चाहिए. पौध सावधानी से निकालें और 50 या 100 पौधों के बंडल बना लें.

**पौधों का रोपण पूर्व उपचार** - पौधशाला में निकाले गये पौध समूह या रोपा की जड़ों को कार्बेन्डाजिम बाविस्टीन 10 ग्राम/10 ली. पानी में बने घोल में 10 मिनिट तक डुबोना चाहिये और फिर पौध रोपण तुरन्त करना चाहिए. रोपण उपरांत सिंचाई अवश्य करें. ग्रीष्मकाल में कतार से कतार की दूरी 45 से.मी. तथा पौध से पौध की दूरी 30 से.मी. तथा बरसात में कतार से कतार 60 से.मी. तथा पौध से पौध की दूरी 45 से.मी. रखें.





# प्रियंका चोपड़ा ने स्विट्ज़रलैंड में पूरा किया अपना बॉलीवुड सपना

प्रियंका चोपड़ा जोनस की गिनती बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्रियों में होती है। उन्होंने अपने करियर में कई बड़ी हिट फिल्में दी हैं। उन्होंने कई तरह की फिल्मों में काम किया है। हाल ही में अभिनेत्री ने अपनी इंस्टाग्राम पर स्टोरी पर साझा किया और बताया कि उन्होंने बर्फ में रोमांटिक तरीके से घूमने का अपना बॉलीवुड सपना पूरा किया है। हाल ही में अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक वीडियो साझा किया। जिसे देखकर प्रशंसक वाह! कर उठे। साझा की गई क्लिप में वह बर्फ से ढकी जमीन पर खुशी से घूमते हुए देखा जा सकता है, जबकि बर्फबारी उनके वीडियो को सुंदर और सपने की तरह बना रही है। अभिनेत्री ने कैप्शन में लिखा, 'क्रेन्स मोंटाना, एल्प्स, स्विट्ज़रलैंड में अपने बॉलीवुड सपनों को साकार करते हुए।'

प्रियंका चोपड़ा उन बॉलीवुड सितारों में से हैं, जिन्होंने अपनी सुंदरता और अभिनय के दम पर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। एक समय था जब उनके बाल लड़कों जैसे थे और वह टॉमबॉय थीं। कुछ दिन पहले, उन्होंने पुरानी यादें ताजा की और अपने पुराने दिनों के बारे में बात करते हुए कहा कि लड़कियों के लिए ग्रूमिंग चमत्कार कर सकती है। अपनी युवावस्था की एक तस्वीर और 2000 में मिस इंडिया जीतने के समय की अपनी 17 वर्षीय तस्वीर साझा करते हुए, उन्होंने एक लंबी पोस्ट लिखी।

### प्रियंका चोपड़ा का वर्क फंट

प्रियंका चोपड़ा अक्सर भारत आती दौरे पर आती रहती हैं। हाल ही में वह अपनी बेटी मालती मैरी के साथ मुंबई आई थीं। वह सोशल मीडिया पर भी काफी सक्रिय रहती हैं। अभिनेत्री के वर्क फंट की बात की जाए तो वह 'हेड्स ऑफ स्टेट' और उसके बाद 'द ब्लफ' में नजर आएंगी।



# विद्या बालन से लेकर करीना कपूर तक, भूत का किरदार निभा चुकी हैं ये बॉलीवुड अभिनेत्रियां

बॉलीवुड इंडस्ट्री में कई अलग-अलग विषयों पर बनी फिल्में प्रशंसकों को देखने के लिए मिलती हैं। इसके साथ ही हॉरर फिल्मों का भी काफी बोलबाला होता है। प्रशंसक अपनी पसंदीदा अभिनेत्रियों को भूत या चुड़ैल के रूप में देखकर भी काफी उत्साहित होते हैं। इस दिवाली बॉक्स ऑफिस पर फिल्म भूल भुलैया 3 रिलीज होने वाली हैं। फिल्म में विद्या बालन और माधुरी दीक्षित को भूतनी के रूप में दिखाया गया है। इन अभिनेत्रियों के अलावा भी बॉलीवुड की कई ग्लैमरस अभिनेत्रियां ऐसे ही डरावने किरदार निभा चुकी हैं।

### बिपाशा बसु



अभिनेत्री बिपाशा बसु बड़े पर्दे पर जितने बोल्ड अवतार में नजर आईं उतने ही डरावने किरदार भी निभा चुकी हैं। बिपाशा को साल 2015 में आई फिल्म अलोन में चुड़ैल के लुक में देखा गया था। बिपाशा ने अपने भूतीया अंदाज से दर्शकों को हरा दिया था।

### ईशा कोप्पिकर




अभिनेत्री ईशा कोप्पिकर को उनकी मासूमियत के लिए लोग काफी पसंद करते हैं। ईशा फिल्मों में भूतनी का किरदार भी निभा चुकी हैं। उन्हें साल 2004 में आई फिल्म कृष्णा कॉटेज में डरावने किरदार में देखा गया था। इस किरदार के कारण ईशा सुर्खियों में रही थीं।


### करीना कपूर

अभिनेत्री करीना कपूर को तलाश फिल्म में एक भूतनी का किरदार निभाते देखा गया था। करीना कपूर खान के साथ इस फिल्म में रानी मुखर्जी और आमिर खान नजर आए थे। इस फिल्म में करीना ने अपने भूतियां अंदाज से काफी सुर्खियां बटोरी थीं।

### अनुष्का शर्मा

अभिनेत्री अनुष्का शर्मा को परी फिल्म में भूतनी के किरदार में देखा गया था। साल 2018 में आई फिल्म में अनुष्का अपने चुड़ैल के किरदार के कारण चर्चा में रही थीं। अपनी इस फिल्म के कारण अनुष्का काफी समय तक चर्चा में रही थीं।





# अरबाज खान-मलाइका अरोड़ा के बेटे अरहान खान जल्द करेंगे बॉलीवुड में डेब्यू?

**बॉलीवुड अभिनेता अरबाज खान ने अपने बेटे अरहान खान के बॉलीवुड इंडस्ट्री में भविष्य के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि अरहान अभी भी युवा है और अपने व्यक्तिगत विकास पर ध्यान दे रहे हैं। इसके साथ ही अरबाज ने इस बात से भी पर्दा उठाया कि कब उनके बेटे अहरान बॉलीवुड फिल्मों में नजर आ सकते हैं।**

### अरहान को लेकर अरबाज का नजरिया

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अरबाज ने एक इंटरव्यू के दौरान कहा कि उनके बेटे अरहान को अभिनय में उतरने के लिए कम से कम एक या दो साल का समय और लगेगा। अरबाज ने कहा, मुझे यकीन है कि वह किसी और क्षेत्र में कदम रखने से पहले एक अभिनेता के रूप में उभरेगा।

### खुद को सख्त मां मानती हैं मलाइका

मलाइका अरोड़ा और उनके बेटे अरहान के बीच काफी अच्छी बॉन्डिंग है। मलाइका ने बेटे अरहान के साथ अपनी पेरेंटिंग को लेकर बताया था कि वह एक सख्त लेकिन दयालु मां हैं। उन्होंने इस बात पर जोर देते हुए कहा था कि वह एक मां और एक दोस्त होने के बीच संतुलन बनाए रखने में विश्वास करती हैं। आगे मलाइका ने खुद को मजेदार और शांत स्वभाव वाली महिला बताया, लेकिन यह भी साफ किया कि वह एक अभिभावक के रूप में अपनी भूमिका के बारे में गंभीर हैं।

### अरबाज और अरहान में क्या है समानता

अरहान खान ने अपने टॉक शो दम बिरयानी के दौरान अपनी मां मलाइका से पूछा था कि वह अपने बेटे की अपने पिता अरबाज खान से समानता के बारे में क्या राय रखती हैं। दरअसल, अरहान ने मजाकिया अंदाज में पूछा कि उन्हें अपने पिता से कौन सी खूबियां विरासत में मिली हैं, जिनकी वह सराहना करती हैं या जिन्हें वह चुनौतीपूर्ण मानती हैं। इस पर मलाइका ने कहा कि अरहान के हाव-भाव अरबाज से मिलते-जुलते हैं, उन्होंने उनके व्यवहार में कई समानताओं की ओर इशारा किया, जैसे कि अपने कान और सिर खुजलाना। उन्होंने यह भी बताया कि अरहान में अपने पिता की तरह निष्पक्षता और निर्णय में स्पष्टता है, जो अरबाज के व्यक्तित्व को परिभाषित करते हैं। मलाइका अरोड़ा और अरबाज खान 2017 में तलाक से पहले 19 साल तक शादीशुदा थे। अलग होने के बाद, अरबाज ने पिछले साल मेकअप आर्टिस्ट शूरा खान से शादी की, जबकि मलाइका अर्जुन कपूर के साथ रिलेशनशिप में थीं, जो अब खत्म हो गया।

# कातिल की भूमिका निभाना चाहते हैं शाहरुख



बॉलीवुड के किंग कहे जाने वाले अभिनेता शाहरुख खान ने पिछले साल 'पठान', 'जवान' और 'डंकी' जैसी लगातार हिट फिल्में दी। इन फिल्मों ने सिनेमाघरों में दर्शकों का खूब मनोरंजन किया और सराहना प्राप्त की। अभिनेता हमेशा अपने अभिनय और फिल्मों के चयन से दर्शकों और प्रशंसकों को चौंका देते हैं। वह हमेशा नयेपन की तलाश में रहते हैं। शाहरुख खान ने वादा किया है कि वे अपने परियोजनाओं के चयन से अपने प्रशंसकों को आश्चर्यचकित करेंगे। फिलहाल वह सुजॉय घोष की किंग पर काम कर रहे हैं।

### किरदार पर विश्वास दिलाना चाहते हैं किंग खान

हाल ही में अभिनेता ने बताया कि वह किस तरह की भूमिकाएं निभाना पसंद करेंगे। लोकार्नो मीट्स पॉडकास्ट पर शाहरुख खान ने अभिनय के प्रति अपने दृष्टिकोण पर चर्चा की और कहा कि उनका काम दर्शकों को किरदार पर विश्वास दिलाना है, ना कि खुद उस पर विश्वास करना।

अभिनेता ने बातचीत के दौरान इस बात पर जोर दिया कि भावनात्मक दृश्य करने के बाद वह कई दिनों तक उस पर ध्यान नहीं देते हैं। इसके बजाय, वह इस बात पर ध्यान केंद्रित करते हैं कि क्या उन्होंने भावनाओं को सफलतापूर्वक व्यक्त किया है और दर्शकों को इससे जोड़ा है।

### खलनायक की भूमिका निभाना चाहते हैं शाहरुख

शाहरुख ने अलग- अलग तरह की भूमिकाएं और चरित्र निभाने की इच्छा जाहिर की और इस बात पर जोर दिया कि वह स्टीरियोटाइप तक सीमित महसूस नहीं करते हैं। वह नायकों को बड़े पैमाने पर चित्रित करना पसंद करते हैं, लेकिन अपने अभिनय में नए रास्ते तलाशने के लिए उत्सुक हैं। हाल ही में, उन्होंने खलनायक की भूमिका निभाने की भी इच्छा जताई, उनका मानना है कि उनके पास भूमिका के लिए एक नया दृष्टिकोण है। पिछले साल एक्शन सीक्वेंस के साथ प्रयोग करने के बाद, अब वह एक हत्यारे की भूमिका निभाना चाहते हैं। हर दिन उनके मन में नए विचार आते हैं, जिन्हें वह निभाना चाहते हैं।



# दलपति 69 में इस किरदार में नजर आएंगे विजय!

साउथ सुपरस्टार विजय की आखिरी फिल्म दलपति 69 अपने एलान के बाद से ही सुर्खियां बटोर रही हैं। दर्शकों को फिल्म से जुड़ी जानकारियों का बेसब्री से इंतजार है। निर्माताओं ने एक-एक कर फिल्म के कलाकारों के नाम से पर्दा उठा दिया है और हाल ही में मुहूर्त पूजा के साथ फिल्म की शूटिंग भी शुरू हो चुकी है। अभिनेता फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं। वहीं, अब इस फिल्म को लेकर नई जानकारी सामने आई है। ऐसा लगता है कि सुपरस्टार एच विनोत द्वारा निर्देशित फिल्म में एक पूर्व पुलिस अधिकारी की भूमिका निभा सकते हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, थलपति विजय अभिनीत इस फिल्म में वह एक पूर्व पुलिस अधिकारी की भूमिका में होंगे और इसकी अगली शूटिंग इस महीने अभिनेता-राजनेता द्वारा अपनी पार्टी की पहली कॉन्फ्रेंस मीट आयोजित करने के बाद होगी। हालांकि, निर्माताओं या फिल्म के अंदर किसी ने भी इसकी पुष्टि नहीं की है कि क्या फिल्म में अभिनेता एक पूर्व पुलिस अधिकारी की भूमिका में होंगे। हाल ही में एक पूजा समारोह के बाद आगामी फिल्म की शूटिंग शुरू हुई, इसलिए यह काफी चर्चा में है, क्योंकि यह अभिनेता की आखिरी फिल्म है। अनिरुद्ध रविचंदर द्वारा संगीतबद्ध की जा रही इस फिल्म में हाल ही में एक डांस सीक्वेंस की शूटिंग की गई है। यह फिल्म कथ्थी, मास्टर, बीस्ट और लियो जैसी फिल्मों के बाद विजय के साथ अनिरुद्ध की पांचवीं फिल्म होगी। दलपति 69 के एक एक्शन-थ्रिलर होने की खबर है, जिसमें कुछ राजनीतिक एंगल भी शामिल होंगे। कुछ हफ्ते पहले फिल्म के निर्माताओं ने आधिकारिक तौर पर एक पोस्टर के साथ इसका अनावरण किया था, जिसमें एक हाथ में जलती हुई मशाल थी। इसके अलावा, निर्माताओं ने फिल्म के मुख्य कलाकारों का भी खुलासा किया था, जिसमें बॉबी देओल, पूजा हेगड़े, प्रेमलु से ममिता बैजू, प्रियामणि, गौतम वासुदेव मेनन, प्रकाश राज और नारायण प्रमुख भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म पूजा हेगड़े की विजय के साथ मुख्य भूमिका में दूसरी बार काम करने वाली फिल्म भी होगी, इससे पहले उन्होंने बीस्ट में भी काम किया था। आखिरी बार विजय वेंकट प्रभु निर्देशित द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम उर्फ द गोट में मुख्य भूमिका निभाते हुए नजर आए थे । इस एक्शन से भरपूर पारिवारिक ड्रामा में विजय ने दोहरी भूमिका निभाई थी, जिसमें वह एक पिता और एक बेटे दोनों की भूमिका निभा रहे थे। इसके अलावा फिल्म में एक पोस्ट-क्रेडिट सीन भी शामिल है, जो द गोट बनाम ओजी शीर्षक के साथ संभावित सीक्वल की ओर इशारा करता है, हालांकि यह अभी भी साफ नहीं है कि यह सीक्वल वास्तव में बनाया जाएगा या नहीं।

# हॉलीवुड जाने की तैयारी में विजय वर्मा



बॉलीवुड फिल्मों में अपनी एक्टिंग से लोगों का दिल जीतने वाले एक्टर विजय वर्मा अब लीड हीरोज में गिने जाते हैं। विजय वर्मा ने बॉलीवुड की कई हिट फिल्मों और सीरीज में काम किया है। विजय वर्मा हाल ही में डायरेक्टर अनुभव सिन्हा की नेटफ्लिक्स सीरीज IC-814 कंधार हाईजैक में अहम किरदार में नजर आए थे। अब विजय वर्मा बॉलीवुड के बाद हॉलीवुड का भी सपना देख रहे हैं। विजय वर्मा ने हाल ही में अपने हॉलीवुड डेब्यू को लेकर खुलासा किया है। विजय वर्मा ने वैराइटी मैग्जीन से बात करते हुए बताया, हॉलीवुड में जाने का ये सबसे बढ़िया समय है। अब सिनेमा में कलरब्लाइंड कास्टिंग होने लगी है। इसके कारण मौके काफी बढ़ गए हैं। इंटरनेशन मेकर्स भी बॉलीवुड के कलाकारों को मौका दे रहे हैं। मेरी कुछ मेकर्स से बात चल रही है। अगले साल की शुरुआत में मैं उम्मीद कर रहा हूं कि कुछ काम का मौका बन सकता है। लेकिन अभी मैं अपने पुराने प्रोजेक्ट्स में व्यस्त हूं। विजय वर्मा ने अपने करियर की शुरुआत छोटे किरदारों से की थी। महज चंद सालों में विजय वर्मा ने बॉलीवुड में अपनी जमीन तलाशी है। साल 2010 में विजय वर्मा ने फ्लाइंग हाई नाम के प्रोजेक्ट्स से अपने करियर की शुरुआ की थी। इससे पहले कुछ यूट्यूब सीरीज और शॉर्ट फिल्मों में काम कर चुके थे। साल 2019 में आई सुपरहिट फिल्म गली बॉय में भी विजय वर्मा ने अपनी एक्टिंग से लोगों का दिल जीता था। यहीं से विजय वर्मा स्टार बने थे। अब विजय वर्मा अपने हॉलीवुड डेब्यू की तैयारी में जुट गए हैं।

# मंत्री ने किया टेगना कंपनी का निरीक्षण





**नोएडा ( चेतना मंच )।** उत्तर प्रदेश के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के मंत्री सुनील कुमार शर्मा ने ग्रेटर नोएडा पहुंचकर इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर टेगना कंपनी का स्थलीय निरीक्षण किया। उनके निरीक्षण के दौरान ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण से एसीओ व यूपीएलसी के अधिकारी उपस्थित रहे।

मंत्री ने कंपनी के स्थलीय निरीक्षण के दौरान प्रोजेक्ट इंट्रोडक्शन करते हुए कंपनी के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

इस दौरान उन्होंने प्राधिकरण व यूपीएलसी के अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए टेगना मास्टर प्लान, कांस्टीट्यूएंट यूनिट डिटेल, प्रोजेक्ट फंडिंग, प्रोजेक्ट फिजिकल स्टेटस, प्रोजेक्ट फाइनेंशियल स्टेटस यूटिलाइजेशन प्लान आदि के संबंध में गहन जानकारी प्राप्त की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये।

# स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत छात्रों को मिलेगा स्मार्टफोन

**नोएडा (चेतना मंच)।** स्वामी विकेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत जनपद गौतमबुद्ध नगर के युवाओं के तकनीकी विकास के लिए शासन द्वारा जनपद के छात्र-छात्राओं में टेबलेट वितरित किए जायेंगे।



कार्यक्रम को सफल बनाने के मकसद से शुक्रवार को डीएम मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिले के विभिन्न शिक्षण संस्थानों के निदेशक, रजिस्ट्रार व प्राचार्य की बैठक हुई।

बैठक में अपर जिला अधिकारी वि./रा. अतुल कुमार ने डीएम को अवगत कराया गया कि शिक्षण संस्थाओं को समय से टेबलेट उपलब्ध कराने के उपरान्त भी संस्थाओं द्वारा टेबलेट का शत् प्रतिशत वितरण नहीं किया गया है, जोकि राज्य स्तर पर जनपद की वितरण रैंकिंग में गिरावट का मुख्य कारण है। डीएम ने शिक्षण संस्थाओं के सम्मुख आ रही समस्याओं का समाधान करने का निर्देश देते हुए कहा कि सभी शिक्षण संस्थाओं द्वारा छात्र-छात्राओं का आधार वेरिफिकेशन कराया जाए एवं ई-पहचान पोर्टल का उपयोग करते हुये जनप्रतिनिधियों की अध्यक्षता में शत् प्रतिशत टेबलेट का वितरण किया जाये।

उन्होंने निर्देश दिये कि जिन संस्थानों के पास टेबलेट शेष है उन्हें वापस लिया जाये एवं उच्च शिक्षण संस्थानों में जिन लाभार्थियों को एक बार उपकरण प्राप्त हुए है उन्हें दोबारा टेबलेट वितरण न किया जाए। बिहारी लाल इंटर कॉलिज दनकौर के प्रधानाचार्य महकार सिंह सहित अन्य स्कूलों एवं कालेजों के निदेशक, रजिस्ट्रार व प्राचार्य उपस्थित रहे।

# पिछड़े वर्ग के बेरोजगारों के लिए कम्प्यूटर का प्रशिक्षण

**नोएडा (चेतना मंच)।** पिछड़े वर्ग के बेरोजगार युवक-युवतियों को कम्प्यूटर का प्रशिक्षण देने के लिए समय सारिणी जारी कर दी गई है। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी गौतम बुद्ध नगर लवेश कुमार सिसोदिया ने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन पिछड़ा वर्ग कल्याण अनुभाग- 02 के निर्देशानुसार पिछड़ा वर्ग के बेरोजगार युवक/युवतियों के लिए संचालित 'ओ' लेवल एवं 'सी0सी0सी0' कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना संचालित है। वर्ष 2024-25 में इस योजना के तहत भारत सरकार की अधिकृत संस्था नीलिट (राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान) से मान्यता प्राप्त संस्थाओं द्वारा अन्य पिछड़े वर्ग के युवक/युवतियों को ओ लेवल एवं सीसीसी कंप्यूटर प्रशिक्षण कराने के लिए द्वितीय चरण की समय सारणी ऑनलाइन किए जाने की तिथि 30 अक्टूबर 2024 तक निर्धारित है।

उन्होंने बताया कि अन्य पिछड़े वर्ग के युवक/युवतियों को ओ लेवल एवं सी0सी0सी0 कंप्यूटर प्रशिक्षण करने के लिए पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश की वेबसाइट backwardwelfareup.gov.in पर दिए गए लिंक एवं obc-computertraining.upsdc.gov.in से निर्धारित प्रारूप ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। आवेदन किए जाने संबंधित दिशा निर्देश/समय सारणी उक्त वेबसाइट पर प्रदर्शित कर दी गई है।

उन्होंने बताया कि नीलिट से मान्यता प्राप्त संस्थान द्वारा ओ लेवल एवं सीसीसी कंप्यूटर प्रशिक्षण कराने के लिए ऑनलाइन वेबसाइट backwardwelfareup.gov.in पर दिए गए लिंक एवं obccomputertraining.upsdc.gov.in पर दिए गए लिंक पर ऑनलाइन आवेदन किया जाना एवं मान्यता से संबंधित अभिलेख व आधारभूत ढांचे का विवरण अपलोड करने के साथ हार्ड कॉपी निदेशालय पिछड़ा वर्ग कल्याण इंदिरा भवन लखनऊ/संबंधित जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कार्यालय में 10 अक्टूबर से 30 अक्टूबर 2024 उपलब्ध कराया जाना है।

संस्था द्वारा भरे गए ऑनलाइन आवेदन में अंकित सूचनाओं का जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी द्वारा अभिलेखीय/भौतिक सत्यापन किया जाना तथा सत्यापन रिपोर्ट ऑनलाइन अपलोड करते हुए आवेदन को अपने अभिमत सहित डिजिटल हस्ताक्षर से सत्यापित 25 अक्टूबर से 10 नवंबर 2024 तक किया जाएगा।

# एमिटी में दिव्यांगों ने तैयार किये दिवाली गिफ्ट





**नोएडा (चेतना मंच)।** एमिटी विश्वविद्यालय के एमिटी इंस्टीयूट ऑफ रिहैबिलिटेशन साइंसेस द्वारा 'समागम-बेहतर साथ 'दीवाली क्षमता मेला 2024' का आयोजन एमिटी कैपस में किया गया। इस मेले का शुभारंभ एमिटी साइंस टेक्नोलॉजी एंड इनोवेशन फांउडेशन के अध्यक्ष डा डब्लू सेल्वामूर्ती, एमिटी विश्वविद्यालय के एडिशनल प्रो वाइस चांसलर डा संजीव बंसल और एमिटी इंस्टीयूट ऑफ रिहैबिलिटेशन साइंसेस की निदेशक डा जयंती पुजारी द्वारा किया गया। इस अनोखे दिवाली मेले का उददेश्य दिव्यांगो के लिए कार्य करने वाले विभिन्न संगठनों के दिव्यांग व्यक्तियों द्वारा डिजाइन और तैयार किये गये हस्तनिर्मित उत्पादों की ब्रिकी करना था।

इस दिवाली मेले का शुभारंभ करते हुए एमिटी साइंस टेक्नोलॉजी एंड इनोवेशन फांउडेशन के अध्यक्ष डा डब्लू सेल्वामूर्ती ने कहा कि दिवाली सभी का त्यौहार है। स्टॉलो पर दिव्यांग व्यक्तियों द्वारा बनाये गये उत्पादों में उनकी सुदंर रचनात्मक शक्ति यह दर्शाती है कि किसी भी प्रकार की असक्षमता प्रतिभा को निखरने से नही रोक सकती।

एमिटी इंस्टीयूट ऑफ रिहैबिलिटेशन साइंसेस की निदेशक डा जयंती पुजारी ने जानकारी देते हुए बताया कि यह आयोजन एक अनोखा दिवाली मेला है जहां दिव्यांगो के लिए कार्य करने वाले 13 प्रतिष्ठित एनजीओ और विशेष विद्यालय जैसे माता भगवती चड्डा निकेतन नोएडा, नई दिल्ली के अनंत सेंटर फॉर लर्निंग एं डडेवलपमेंट, नोएडा के सक्षम ट्रस्ट, निरंतर प्रयास स्पेशल स्कूल, दिल्ली के होलीहार्ट स्पेशल स्कूल आदि के द्वारा विशेष छात्रो के अंदर कौशल का विकसित करके उनके द्वारा बनाये गये उत्पादों को स्टॉल पर प्रदर्शित किया गया है।


**SAHARA BUILDER & PROPERTIES™**

ISO 9001:2008

**PROPERTIES AVAILABLEFORSALE IN GREATER NOIDA**

RESIDENTIAL

| S.No | Plot Size | House No./Block | Price | Other Details |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 300 Sq.mtr | C-291, Sigma - 02 | 92 Lakh | Completion, S/W |
| 2 | 200 Sq.mtr | G-660, Alpha - 02 | 1.25 Cr. | Completion,N/E & 18 MTR Road |
| 3 | 60 Sq.mtr | G-439, Gamma - 02 | 52 Lakh | Single Story, Corner(18X12),N/E |
| 4 | 1265 Sq.ft | Silver City - 02, PI-1 | 55 Lakh | 2+1 BHK Apartment |
| 5 | 29.76 Sq.ft | 3TF/Block-60, Sector - 10 | 9 Lakh | 1 BHK, Top Floor |
| 6 | 2450 Sq.ft | Royal Apartment(Duplex), Sigma - 04 | On Request | 4BHK, Low rise, Lift |
| 7 | 237 Sq.mtr | C-363, Sector - 03(EXTN) | 1.40 Cr. | 50% Completion, Corner, N/ W |
| 8 | 110 Sq.mtr | 5% Plot, CHI PHI EXTN | 23000/Sq.Mtr. | Corner Plot |
| 9 | 131 Sq.mtr | 5% Plot, CHI PHI EXTN | 23000/Sq.Mtr. | Corner Plot |
| 10 | 930 Sq.mtr | 5% Plot, CHI PHI EXTN | 14000/Sq.Mtr. | Corner Plot |

COMMERCIAL

| S.No | Shop Size | Complex Address | Price | Other Details |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 29.5 Sq.mtr | Block - C, Alpha - 01 | 95 Lakh | G.Floor, Corner, N/E |
| 2 | 463 Sq.ft | NQI Plaza, Alpha - 01 | 95 Lakh | G.Floor, N/E |
| 3 | 19.5 Sq.mtr | Kadamba Shopping Complex, Gamma -01 | 40 Lakh | G.Floor, N/W |
| 4 | 8.15 Sq.mtr | Kiosk, P-3 | 22 Lakh | 24 Mtr Road, N/W |

CONTACT US :+919810441077, +919710441077

Add- Office No. 205, Sunrise Tower, Alpha 1 Commercial Belt, Gr.Noida, G.B.Nagar, U.P-2010308


# ग्रैप के नियमों का उल्लंघन करने वालों पर लगाया जुर्माना

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा क्षेत्र में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) लागू है। ग्रैप के नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नोएडा प्राधिकरण द्वारा सख्त कार्यवाही की जा रही है। आज नियमों का उल्लंघन करते पाये जाने पर 6 लाख 24 हजार 50 रुपए का जुर्माना लगाया गया।



नोएडा में वायू प्रदूषण का स्तर धीरे-धीरे बढ़ रहा है। नोएडा प्राधिकरण ने इससे निपटने के लिए कवायद शुरू कर दी है। दिवाली के पहले ही ग्रैप की गाइडलाइन के अनुसार पाबंदियों बढ़ाई जा रही हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डा. लोकेश एम के निर्देश पर प्राधिकरण की 14 टीमों द्वारा सेक्टरों व ग्रामों के विभिन्न 93 स्थलों का निरीक्षण किया गया, जिसमें लोगों को ग्रैप की गाईड लाईन्स व एनजीटी के नियमों के अनुपालन के संबंध में जागरूक किया गया। जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि नोएडा क्षेत्र में वायु प्रदूषण नियंत्रण के लिए नोएडा के समस्त क्षेत्रों में मुख्य मार्गों पर 33 टैंकरों के माध्यम से 95.33 किमी लम्बाई में शोधित जल का छिड़काव किया गया। जिससे सड़कों पर उड़ने वाली धूल पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सके।

इसके अलावा जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा 12 मैकेनिकल स्वीपिंग मशीनों के माध्यम से शहर के 340 किमी मुख्य मार्गों पर वायु प्रदूषण नियंत्रण के लिए सफाई का कार्य कराया गया। नोएडा में विभिन्न स्थानों से कुल 682.23 टन सीएनडी मलवे का उठान के साथ ही नोएडा क्षेत्र के विभिन्न निर्माण स्थलों पर 93 एन्टी स्मॉग गन मशीनों का संचालन किया गया। नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि नोएडा प्राधिकरण की 14 टीमों ने आज विभिन्न जगहों पर निरीक्षण के दौरान वायु प्रदूषण के नियमों का उल्लंघन करने पर सिविल विभाग द्वारा 7 प्रकरणों पर तीन लाख बीस हजार तथा जन स्वास्थ्य विभाग नोएडा क्षेत्र में अवैध रूप से मलबा डालते हुए 6 टैक्ट्रर-टॉली को जब्त करते हुए तीन लाख तथा कूड़े फैलाने एवं पॉलीथीन का उपयोग करने के 9 प्रकरणों में चार हजार पांच सौ रुपए का अर्थदण्ड लगाया गया है।

# नोएडा में बंद सिनेमा हॉल बनेंगे मल्टीप्लैक्स

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा समेत प्रदेश भर में बंद सिनेमाघरों के लिए उप्र की योगी सरकार एक खास योजना लाई है। योजना के तहत बंद सिनेमाघरों को रिमॉडल करवाने व मल्टीप्लैक्स बनाने के लिए प्रदेश सरकार खास मदद देगी।

जिला मनोरंजन कर अधिकारी गौतम बुद्ध नगर ने बताया कि बंद सिनेमाघरों को पुन: संचालित कराने, संचालित सिनेमाघरों का पुननिर्माण/रिमॉडल करवाने, मल्टीप्लैक्स निर्माण को प्रोत्साहित करने, एकल स्क्रीन सिनेमाघरों के निर्माण को प्रोत्साहित करने एवं संचालित सिनेमाघरों के उच्चीकरण के लिए जनपद में समेकित प्रोत्साहन योजना संचालित है।

उन्होंने बताया कि बन्द पड़े अथवा घाटे में चल रहे छविगृहों (सिनेमाहॉल) को पूर्ण रूप में



तोड़कर उसके स्थान पर आधुनिक सुविधाओं से युक्त लघु क्षमता के सिनेमाहाल सहित व्यवसायिक कॉम्पलैक्स के निर्माण के लिए प्रोत्साहन योजना लागू होने की तिथि से पांच वर्ष के अन्दर निर्माण कार्य पूर्ण कर जिला मजिस्ट्रेट से नियमानुसार लाइसेंस प्राप्त कर फिल्म प्रदर्शन प्रारम्भ करना होगा।

पुराने बन्द पड़े एवं संचालित सिनेमाघरों को भवन की आन्तरिक संरचना में परिवर्तन कर पुन: संचालित होने वाले सिनेमाघरों हेतु प्रोत्साहन योजना-योजना लागू होने की तिथि से पॉच वर्ष के अन्दर रिमॉडल कार्य/स्क्रीन की संख्या में वृद्धि का कार्य पूर्ण कर सक्षम प्राधिकारी से अनापत्ति प्राप्त कर नियमानुसार लाइसेंस प्राप्त फिल्म का प्रदर्शन प्रारम्भ करना होगा।

जिन जनपदों में एक भी मल्टीप्लैक्स निर्मित/संचालित नहीं है, वहॉ मल्टीप्लैक्स खुलवाने के लिए प्रोत्साहन योजना-इस योजना के अन्तर्गत ऐसे जनपद आते हैं, जिनमें एक भी मल्टीप्लैक्स संचालित नहीं है। सरकार की इस योजना से जुड़ने वालों को सरकार मदद भी करेगी जिसके लिए कुछ शर्तें भी निर्धारित की गई हैं।